राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 317
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 यूपी रेरा की नई पहल : परियोजना पंजीकरण अवधि बढ़ाने के लिए
पेज 4 राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने किया स्वदेशी मेला-2025 का
पेज 6 स्मृति मंधाना ने 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, वनडे में एक कैलेंडर

## संक्षिप्त खबरें

### आरएसएस प्रचारक से मारपीट, दो समुदाय भिड़े

**मुलताई (बैतूल)।** बैतूल जिले के मुलताई में गुरुवार शाम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिशुपाल यादव के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। इसके बाद हंगामा मच गया। दो समुदाय के लोग सड़क पर आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में मारपीट भी हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर मामला शांत कराया। रात में आरएसएस प्रचारक से मारपीट के विरोध में लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। जिन युवकों ने जिला प्रचारक के साथ मारपीट की, उनके घरों के सामने भी लोग जमा हो गए। प्रदर्शनकारी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। थाने के सामने तोड़फोड़ की।

### सिवनी में जांच के नाम पर हवाला के 1 करोड़ 45 लाख रुपए की लूट

**नई दिल्ली।** एसआइ समेत नौ पुलिसकर्मियों पर लूटने का आरोप लगा है। आरोप है कि कटनी के एक कारोबारी के ड्राइवर व अन्य को जांच के नाम पर रोका और हवाला के एक करोड़ 45 लाख रुपये लूट लिए। गुरुवार सुबह शिकायत मिलने के बाद आइजी जबलपुर रेंज प्रमोद वर्मा ने देर रात नौ पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। सिवनी सीएसपी पूजा पांडे पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस मुख्यालय प्रस्ताव भेजा है। जांच के लिए जबलपुर से एएसपी आयुष गुप्ता सिवनी पहुंच गए हैं।

# कफ सिरप केस : छिंदवाड़ा के एक और बच्चे की मौत

**एमपी में अब तक 25 मौतें, कंपनी डायरेक्टर गिरफ्तार**



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से मरने वाले बच्चों का आंकड़ा बढ़कर 25 हो गया है। छिंदवाड़ा के मोरडोंगरी परासिया निवासी गर्विक (1) पिता बाबू पवार की गुरुवार दोपहर नागपुर के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई।

वहीं, बच्चों की मौत का कारण बने कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के डायरेक्टर गोविंदन रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई एसआईटी की टीम ने बुधवार रात चेन्नई में दबिश देकर रंगनाथन को पकड़ा। रंगनाथन पर 20 हजार रुपए का इनाम था।

एसआईटी ने कंपनी से महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाओं के नमूने और प्रोडक्शन रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं। इसके बाद रंगनाथन को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर सौंप दिया। एमपी पुलिस चेन्नई से रंगनाथन को लेकर रवाना हो गई। एसआईटी शुक्रवार सुबह उन्हें छिंदवाड़ा लेकर पहुंचेगी। वहीं, मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई कर सकता है।

### मुख्यमंत्री नागपुर पहुंचे, बच्चों का हाल जाना

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नागपुर पहुंचे। सीएम ने वहां के अस्पतालों में भर्ती चारों बच्चों का हाल जाना। उनके परिजन से बात की। अंबिका विश्वकर्मा न्यू हेल्थ सिटी हॉस्पिटल जबकि कुणाल यदुवंशी और हर्ष यदुवंशी नागपुर एम्स में इलाज करा रहे हैं।

बच्चों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा- एमपी पुलिस ने तमिलनाडु में गिरफ्तारी की है, लेकिन तमिलनाडु सरकार हमारा सहयोग नहीं कर रही है। इसकी पूरी जिम्मेदारी दवा कंपनी की होती है। हमने भी ड्रग कंट्रोलर को हटाया, असिस्टेंट कंट्रोलर को सस्पेंड किया। सिरप लिखने वाले डॉक्टर पर कार्रवाई की।

# हिमाचल में पहली बार अक्टूबर में बर्फ देख सकेंगे टूरिस्ट

शिमला। हिमाचल में टूरिस्ट इस बार अक्टूबर में भी बर्फ देख सकेंगे। आमतौर पर बर्फबारी के लिए दिसंबर जनवरी का इंतजार करना पड़ता है। मगर इस बार अर्ली स्नोफॉल से न केवल टूरिस्ट, बल्कि हिमाचल के पर्यटन कारोबारियों को भी अच्छे कारोबार की आस बंध गई है।

राज्य के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी टूरिस्ट से हिमाचल आने की अपील की है। टूरिस्टों के लिए भी अच्छी बात यह है कि कमरों की बुकिंग पर प्राइवेट होटलों में 20 से 50 प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जा रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया- इससे पहले 11 अक्टूबर 2018 को केलांग में अर्ली स्नोफॉल 6 सेंटीमीटर रिकॉर्ड किया गया था।

मगर इस बार 6 अक्टूबर को ही करीब एक फीट बर्फबारी हुई है। यह आज तक का सबसे अर्ली स्नोफॉल है।

# सीजेआई अटैक मामला, आरोपी वकील की बार एसोसिएशन मेंबरशिप खत्म

- बेंगलुरु में एफआईआर; चीफ जस्टिस बोले- हम हैरान थे, लेकिन अब यह बीती बात है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने गुरुवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई पर हमले की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर (71) की मेंबरशिप तत्काल प्रभाव से खत्म कर दी। SCBA ने कहा कि वकील का व्यवहार पेशेवर नैतिकता, शिष्टाचार और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा का गंभीर उल्लंघन है। वहीं, सीजेआई गवई ने गुरुवार को कहा कि 6 अक्टूबर की घटना से वह और साथी जज बहुत हैरान हुए थे, लेकिन अब वह इसे भूलकर आगे बढ़ चुके हैं। जस्टिस उज्जल भुइयां ने कहा कि इस तरह का हमला सुप्रीम कोर्ट का अपमान है और इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

बेंगलुरु में ऑल इंडिया एडवोकेट एसोसिएशन ने राकेश किशोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। बेंगलुरु पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132 और 133 के तहत एफआईआर दर्ज की है। सीजेआई गवई, वकील के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने से इनकार कर चुके हैं।

# जम्मू-कश्मीर के कोकरनाग में एक पैरा-कमांडो का शव मिला

- अनंतनाग में एंटी-टेरर ऑपरेशन के दौरान दो जवान लापता हुए थे; अमित शाह की हाईलेवल मीटिंग

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग के ऊपरी इलाकों में एंटी-टेरर ऑपरेशन के दौरान लापता हुए एक पैरा कमांडो का शव मिल गया है। शव बैग और सर्विस वेपन के साथ मिला जो सर्च एंड कॉर्डन ऑपरेशन का हिस्सा था। मृतक जवान की पहचान अभी आधिकारिक तौर पर नहीं बताई गई है।

दूसरे लापता जवान की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चल रहा है। अधिकारियों ने कहा कि खराब मौसम और मुश्किल इलाके के बावजूद आर्मी और पुलिस की संयुक्त टीमें काम कर रही हैं। हेलीकॉप्टर और ड्रोन की मदद से तलाश तेज की जा रही है।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से दो भारतीय सैनिक सोमवार से लापता थे। लापता जवान एलीट 5 पैरा फोर्स का हिस्सा हैं। दोनों की ड्यूटी कोकरनाग क्षेत्र के गदूल इलाके में लगी थी। खोज के दौरान सेना की टीमें लगातार लोकल अधिकारियों के संपर्क में हैं।

# अयोध्या में धमाके से मकान ढहा, 5 की मौत

**मरने वालों में पिता, उसके 3 बच्चे; बॉडी के चीथड़े उड़े**

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर से करीब 25 किमी दूर पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम धमाके के बाद एक मकान पूरी तरह ढह गया। धमाके की गूंज एक किमी दूर तक सुनाई दी। मलबा 200 मीटर दूर तक बिखर गया।

मकान के मलबे में दबकर पिता, दो बेटे, एक बेटी और साली की मौत हो गई। पिता के चीथड़े उड़ गए थे। वहीं, पत्नी लापता है।

घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारी और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के घरों को खाली कराया और लोगों से घटनास्थल से दूर रहने की अपील की है।

पुलिस ने शवों को मलबे से बाहर निकाल लिया है। अन्य लोगों के दबे होने की आशंका में जेसीबी से मलबा हटाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस घर में धमाका हुआ है, वहां फटा कुकर और सिलेंडर मिला है। एक साल पहले भी गांव में धमाका हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी।

शासन का कहना है- अयोध्या में घटना पटाखा विस्फोट की न होकर एलपीजी सिलेंडर फटने की प्रतीत हो रही है। डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे और जांच की। सीएम योगी ने पैनी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

बीते 4 दिनों में अयोध्या में दूसरी बार विस्फोट हुआ है। इससे पहले 5 अक्टूबर को बीकापुर कोतवाली से महज 500 मीटर की दूरी पर धमाका हुआ था।

धमाके से एक युवक की मौत हो गई थी। जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गए थे।



### पिता और 2 बेटों की मौत, दो लोगों के दबे होने की आशंका

मामला थाना पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के पगलाधारी गांव का है। यहां रहने वाले राम कुमार कसौंधन उर्फ पप्पू घर में अवैध रूप से पटाखे बनाने का काम करता था। गुरुवार शाम करीब 7 बजे अचानक घर में तेज धमाका हुआ। इससे पूरा घर गिर गया। मलबे के नीचे दबकर पांच की मौत हो गई।

मरने वालों में राम कुमार कसौंधन उर्फ पारसनाथ उर्फ पप्पू, उनके 2 बेटे लव (8) और यश, बेटी इशी की मौत हो गई। घर में उनकी साली वंदना थी। उसकी भी मौत हो गई। पत्नी का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। वहीं, घर में काम करने वाला एक युवक रामसजीवन घायल हो गया।


# हरियाणा आईपीएस सुसाइड केस- तीसरे दिन एफआईआर

**आईएएस पत्नी बोलीं- ये मर्डर; डीजीपी-एसपी को हटाएगी सरकार, इनके नाम सुसाइड नोट में**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार के सुसाइड के तीसरे दिन, गुरुवार देर शाम को चंडीगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली।

सेक्टर-11 थाने में 156 नंबर एफआईआर भारत न्याय संहिता की धारा 108, 3(5) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(r) के तहत दर्ज की गई है।




चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर ने केवल इतना बताया कि पूरन कुमार की पत्नी और हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अफसर अमनीत पी. कुमार की ओर से शिकायत दी गई थी। इसमें सुसाइड नोट का हवाला दिया गया था। सुसाइड नोट को आधार मानते हुए ही आत्महत्या के लिए उकसाने और एससी/एसटी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। सुसाइड नोट में जिनके नाम थे, उन्हें आरोपी बनाया गया है। एफआईआर की कॉपी बहुत जल्दी सार्वजनिक कर दी जाएगी।

बता दें कि पूरन कुमार ने अपने सुसाइड नोट में हरियाणा के 15 आईएएस-आईपीएस अफसरों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया था। उन्होंने नोट के आखिरी पैरा में हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया पर गंभीर आरोप लगाए।

इस बीच हरियाणा सरकार डीजीपी कपूर और रोहतक एसपी को हटा सकती है।

अमनीत पी. कुमार ने चंडीगढ़ पुलिस को दी शिकायत में इन्हीं दोनों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर इन्हें अरेस्ट करने की मांग की थी।



## हैप्पी मॉर्निंग

मोहन- सर, मेरी बीवी 5 दिनों के लिए मेरे साथ मनाली घूमने जाना चाहती है, छुट्टी दे दीजिए बॉस- छुट्टी नहीं मिलेगी मोहन- शुक्रिया सर, मैं जानता था कि मुसीबत में सिर्फ आप ही मेरे काम आएंगे



## शायरी

ये कैसा हादसा गुज़रा ये कैसा सानेहा बीता
न आंगन है न छत बाक़ी न हैं दीवार-ओ-दर बाक़ी

## श्रद्धांजलि




सूरत में उद्योगपति रतन टाटा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए छात्र।

### कन्नूर में व्यावसायिक इमारत में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** केरल के कन्नूर के थालीपरम्बा में एक व्यवसायिक इमारत में भीषण आग लग गई, जिसमें 50 से ज्यादा दुकाने जलकर खाक हो गईं और करोड़ों का नुकसान हो गया। अधिकारियों ने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं, हालांकि संपत्ति के भारी नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है। आग लगभग 4:55 बजे लगी और साढ़े तीन घंटे से ज्यादा की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि आग राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगरपालिका बस स्टैंड के पास केवी कॉम्प्लेक्स में स्थित मिट्रेड्स नामक एक खिलौने की दुकान में लगी थी।

# जुबीन गर्ग के चचेरे भाई संदीपन डीएसपी पद से सस्पेंड

**बुधवार को गिरफ्तार हुए, सिंगर की पत्नी बोलीं- उसने साथ में सिंगापुर जाने की इच्छा जताई थी**

**गुवाहाटी।** देश के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत मामले में गिरफ्तार उनके चचेरे भाई संदीपन गर्ग को डीएसपी पद से सस्पेंड कर दिया गया है। वे असम पुलिस सर्विस के अधिकारी हैं और अब तक राज्य के कामरूप जिले में तैनात थे। उन्हें बुधवार को सिंगर की मौत मामले में गिरफ्तार किया गया था।

उन्हें 7 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। वह जुबीन की मौत मामले में गिरफ्तार होने वाले पांचवें व्यक्ति हैं। सिंगापुर में जुबीन की मौत के समय संदीपन उनके साथ थे। सिंगर की पत्नी गरिमा ने दावा किया कि संदीपन ने जुबीन के साथ सिंगापुर जाने की इच्छा जताई थी।



गरिमा के मुताबिक, संदीपन कभी विदेश नहीं गया था। उसने जुबीन से कहा कि वह उनके साथ सिंगापुर जाना चाहता है। जुबीन उसे अपने साथ ले जाने के लिए तुरंत तैयार हो गए। गरिमा ने बताया कि संदीपन की हाल ही में पुलिस फोर्स में नौकरी लगी थी। वे इससे पहले मॉडलिंग और एक्टिंग करते थे।

जुबीन के पत्नी ने बताया कि संदीपन ने उनके साथ 3-4 बार मॉडलिंग प्रोजेक्ट किए थे। जुबीन हमेशा नए टैलेंट को प्रोत्साहित करते थे और चूंकि संदीपन उनका चचेरा भाई था, इसलिए वे हमेशा उसका हौसला बढ़ाते थे। जुबीन अपने दोस्तों और परिवार के सामने भी अक्सर संदीपन की तारीफ करते थे।

जुबीन गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में मौत हुई थी। वे 20 सितंबर को होने वाले नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के लिए सिंगापुर गए थे। इवेंट से एक दिन पहले उन्होंने वाटर एडवेंचर एक्टिविटी में हिस्सा लिया था। दावा किया गया कि स्कूबा डाइविंग के दौरान डूबने से उनकी मौत हो गई।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,172.10
+398.45 (0.49%)
निफ्टी:
25,181.80
+135.65

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 28 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 19 डिग्री से0 |
| सूर्योदय शनिवार | : | 6 : 21 |
| सूर्यास्त शुक्रवार | : | 6 : 12 |

**लेह हिंसा**

**लद्दाख की कुल जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 50 प्रतिशत है**

# लेह में हिंसा के 16 दिन बाद भी हालात कठिन, टूरिस्ट गायब

**गुवाहाटी।** साल के करीब 7-8 महीने पर्यटकों से भरा रहने वाला लेह का मुख्य बाजार सूना पड़ा है। होटल खाली हैं। 5 से 10 हजार वाले रूम 500 से 1 हजार रुपए के मामूली किराए में भी नहीं भर रहे। टैक्सी स्टैंड पर गाड़ियां खाली खड़ी हैं। जितने टूरिस्ट अभी यहां हैं, उससे 10 गुना ज्यादा सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं। इंटरनेट बंद है। हमने ऐसी जिंदगी पहले कभी नहीं जी। हिंसा ने हमारे सीजन की खुशियां छीन लीं। और उप राज्यपाल दावा कर रहे हैं कि लेह में सब नॉर्मल है। जो हालात हैं, उसे हमारे लिए नॉर्मल नहीं कह सकते।

यह बात जब रिगजिन वाग्मो लेचिक बोल रही थीं, तब उनकी आंखों में आंसू थे। लेचिक ऑल लद्दाख होटल एंड गेस्ट हाउस एसोसिएशन लेह की अध्यक्ष भी हैं।



लेचिक ने बताया कि पहलगाम की घटना ने 50 प्रतिशत टूरिस्ट को नुकसान पहुंचाया था, लेह की हिंसा में यह बढ़कर 80 प्रतिशत हो गया है। 2000 गेस्टहाउस, होटल्स खाली पड़े हैं। लद्दाख की कुल जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 50 प्रतिशत है। अक्टूबर में हम अगले मार्च-अप्रैल की बुकिंग शुरू कर देते थे, लेकिन इस बार एक भी प्री-बुकिंग नहीं है।

अगले कुछ दिन में बर्फीली ठंड शुरू होते ही यहां सब कुछ बंद हो जाएगा। हम आज नहीं कमाएंगे तो अगले छह महीने गुजारा कैसे करेंगे?

लद्दाख की राजधानी लेह में स्थानीय लोगों के विरोध के बाद इंटरनेट सेवा गुरुवार रात बहाल कर दी गई। हालांकि, इसका कोई ऑर्डर जारी नहीं हुआ।

वहीं, कलेक्टर ने सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। बीते 24 सितंबर को हिंसा के बाद इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी।

24 सितंबर से पूरे लेह में यही हाल है। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के अनशन के बीच हुई हिंसा ने लेह की शांति छीन ली। लेह अपेक्स बॉडी के सह-अध्यक्ष शेरिंग दोरजे ने बताया कि शासन किस बात को नॉर्मल कह रहा है, ये समझ से परे है। पांच लोग आज भी एक साथ कहीं खड़े नहीं हो सकते, क्योंकि धारा 163 लगी है। 2 जी से लेकर 5 जी और सार्वजनिक वाईफाई नेटवर्क तक सब बंद रहे। हिंसा के आरोप में 39 लोग अभी भी पुलिस हिरासत में हैं। स्कूल खुल रहे हैं, लेकिन कक्षाओं में बच्चे नहीं पहुंच रहे। वांगचुक के लिए पूरा लेह खड़ा है, लेकिन मौसम और कमाई की मजबूरी के चलते लोगों को बाजार खोलना पड़ रहा है।


# ममता बोलीं- चुनाव आयोग राज्य के अफसरों को धमका रहा

- ऐसी धमकियां बर्दाश्त नहीं, वोटर लिस्ट से छेड़छाड़ की कोशिश लोकतंत्र के साथ धोखा होगा

एजेंसी


**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग राज्य सरकार के अफसरों को धमका रहा है। ममता ने चेतावनी दी कि उनकी सरकार ऐसी धमकियों को बर्दाश्त नहीं करेगी।

ममता ने कहा कि भाजपा स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के नाम पर आग से खेल रही है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष रखने के नाम पर राजनीतिक दखल की कोशिश की जा रही है। वोटर लिस्ट से छेड़छाड़ की कोई भी कोशिश लोकतंत्र के साथ धोखा होगा।



पश्चिम बंगाल सचिवालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ममता ने कहा- चुनाव आयोग के अधिकारी राज्य का दौरा करके सरकारी अधिकारियों को कैसे बुला सकते हैं, जबकि चुनाव की तारीखों का ऐलान भी नहीं हुआ है।

# संपादकीय



## सड़क दुर्घटनाओं का काला साया : हर साल लाखों की मौत



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

सड़कें विकास का प्रतीक हैं, लेकिन भारत में ये मौतों का मैदान बन चुकी हैं। हर साल लाखों लोग सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं, जिनमें से हजारों की जान चली जाती है। 2023 में ही सड़क दुर्घटनाओं में 1.73 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई, जो प्रतिदिन औसतन 474 मौतों के बराबर है। यह आंकड़ा न केवल चिंताजनक है, बल्कि एक राष्ट्रीय आपदा का रूप धारण कर चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में सड़क हादसों से होने वाली मौतों की दर प्रति लाख आबादी पर 16.6 है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। यह समस्या केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि परिवारों को बर्बाद करने वाली एक महामारी है। आइए, इस काले साये पर गहराई से नजर डालें।

सबसे पहले आंकड़ों की बात करें। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 4.61 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.68 लाख लोगों की मौत हो गई और 4.43 लाख घायल हुए। यह संख्या 2021 के 1.55 लाख मौतों से बढ़ी है। 2023 का डेटा और भी भयावह है ङ्क 1.73 लाख मौतें, जो पिछले दशक का सर्वोच्च स्तर है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, दोपहिया वाहनों से जुड़ी दुर्घटनाओं में 69,000 से अधिक मौतें हुईं। युवा सबसे ज्यादा प्रभावित हैं; 18-35 वर्ष की आयु वर्ग में सड़क हादसे पुरुषों के लिए मौत का प्रमुख कारण बन चुके हैं। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या और गंभीर है, जहां सड़कें संकरी और वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

इस महामारी के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं। सबसे बड़ा दोषी है लापरवाही भरा ड्राइविंग। ओवरस्पीडिंग से 70 प्रतिशत से अधिक दुर्घटनाएं होती हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में ओवरस्पीडिंग के कारण 70,000 मौतें हुईं। नशे में वाहन चलाना दूसरा प्रमुख कारण है - 2022 में 13,000 मौतें इसी से जुड़ीं। लाइसेंस के बिना ड्राइविंग और गलत साइड से वाहन चलाने से भी हजारों जिंदगियां खत्म हो रही हैं। सड़कों की खराब स्थिति भी कम जिम्मेदार नहीं। राष्ट्रीय राजमार्ग कुल सड़क नेटवर्क का मात्र 2 प्रतिशत हैं, लेकिन यहां 36 प्रतिशत मौतें होती हैं। खतरनाक मोड़, टूटी-फूटी सड़कें और अपर्याप्त साइनेज हादसों को न्योता देते हैं। वाहनों की पुरानी स्थिति - बिना एयरबैग या सीटबेल्ट के - और ट्रैफिक नियमों का पालन न करना समस्या को बढ़ावा देता है। शहरीकरण के साथ वाहनों की संख्या 35 करोड़ से अधिक हो चुकी है, लेकिन ट्रैफिक मैनेजमेंट पिछड़ रहा है।

ये हादसे केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि आर्थिक बोझ भी हैं। सड़क दुर्घटनाओं से भारत को प्रतिवर्ष जीडीपी का 3त्न नुकसान होता है ङ्क यानी करीब 5 लाख करोड़ रुपये। घायलों के इलाज, परिवारों की आर्थिक हानि और उत्पादकता में कमी इसकी प्रमुख वजहें हैं। एक मौत का असर पूरे परिवार पर पड़ता है; बच्चे अनाथ हो जाते हैं, मां-बाप बेसहारा। दिल्ली जैसे शहर में हादसों की दर लंदन से 40 गुना अधिक है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्य सबसे प्रभावित हैं, जहां चेन्नई जैसी राजधानियां वैश्विक स्तर पर मौतों के मामले में शीर्ष पर हैं। महिलाएं और पैदल यात्री भी असुरक्षित हैं; कम आय वाले देशों में पैदल चलने वालों की मौतें 35 प्रतिशत तक हैं।

सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के तहत जुर्माने बढ़ाए गए - ओवरस्पीडिंग पर 1,000 रुपये से 5,000 तक। सड़क सुरक्षा सप्ताह और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। ब्राजीलिया घोषणा के तहत 2022 तक मौतों में 50 प्रतिशत कमी का लक्ष्य था, लेकिन हम पीछे हैं। आईआईटी दिल्ली जैसे संस्थानों ने सुझाव दिए हैं - स्मार्ट सड़कें, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और एआई आधारित ट्रैफिक कंट्रोल। लेकिन अमल की कमी है। विशेषज्ञ कहते हैं कि पश्चिमी मॉडल की नकल के बजाय भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन जरूरी है।

समाधान केवल सरकारी प्रयासों पर निर्भर नहीं। हर नागरिक को जिम्मेदार बनना होगा। हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य करें। ड्राइविंग स्कूलों को मजबूत बनाएं, ताकि लाइसेंस बांटने की फैक्ट्री बंद हो। ग्रामीण सड़कों पर फुटपाथ और साइकिल ट्रैक बनें। स्कूलों में सड़क सुरक्षा शिक्षा दी जाए। यदि हम सब मिलकर प्रयास करें, तो यह काला साया दूर हो सकता है। याद रखें, सड़क पर एक छोटी सी लापरवाही किसी के जीवन का अंत कर सकती है। आइए, सुरक्षित सड़कों का संकल्प लें - क्योंकि हर जिंदगी अनमोल है।

## क्या हम हिमालय को खत्म करके ही मानेंगे?

हिमालयी राज्यों में पहाड़ों के दरकने का सिलसिला आखिर क्यों शुरू हो गया है? हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में हुए हादसे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है। कहीं यह विकास की धारा में पहाड़ों की प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा तो नही है! बाढ़ और भूस्खलन की बढ़ती घटनाएं इसी ओर इशारा कर रही हैं। गौरतलब है कि बिलासपुर जिले के बरठीं में मंगलवार शाम को पहाड़ का एक हिस्सा टूट कर निजी बस पर जा गिरा, जिससे कई लोगों की जान चली गई। कहा जा रहा है कि जिस जगह यह हादसा हुआ, वहां पहाड़ से अक्सर पत्थर गिरते थे। इसके बावजूद उस स्थान को चिह्नित कर सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए। यह गंभीर चिंता का विषय है कि पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन से हादसे लगातार बढ़ रहे हैं, मगर इसे सिर्फ भारी बारिश से जोड़कर ही देखा जाता रहा है। जबकि अनियंत्रित निर्माण कार्यों और वन भूमि के क्षरण के पहलू की अनदेखी की जा रही है। इसमें दोराय नहीं कि हम पहाड़ों को संरक्षित करने के बजाय उन्हें लगातार क्षति पहुंचा रहे हैं। पहाड़ों की सुंदरता पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है और उनकी सुविधा के लिए वहां नई सड़कों का निर्माण एवं विस्तार के साथ सुरंगें तैयार की जा रही हैं। जाहिर है, इसके लिए पहाड़ों को काटा जा रहा है, जिससे वे अंदर से खोखले हो रहे हैं। सैलानियों की बढ़ती संख्या और वाहनों का दबाव भी पहाड़ों को झेलना पड़ रहा है। रही-सही कसर पेड़ों की अनियंत्रित कटाई ने पूरी कर दी है। अब पहाड़ इतने कमजोर हो गए हैं कि भारी बारिश या बादल फटने की स्थिति में वे खुद को संभाल नहीं पाते हैं। इसका नतीजा बाढ़ और भारी भूस्खलन के रूप में सामने आता है। नीति निर्माताओं और जनता को यह याद रखना होगा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण एवं प्रकृति का संरक्षण भी बेहद जरूरी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसकी कीमत हमें जानमाल के नुकसान के रूप में चुकानी पड़ सकती है। अब समय आ गया है कि इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जाए और संतुलित विकास की ओर कदम बढ़ाया जाए।



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस- 10 अक्टूबर, 2025

# मानसिक स्वास्थ्य है रोगमुक्त जीवन की मुस्कान

- ललित गर्ग -



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष हमें यह सोचने का अवसर देता है कि मनुष्य का सबसे बड़ा धन उसका मन है, और जब मन अस्वस्थ होता है तो समूचा जीवन बिखर जाता है। इस वर्ष की थीम है संकट और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना। यह थीम प्राकृतिक आपदाओं या अन्य आपात स्थितियों के दौरान लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करने और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है, जो मानसिक स्वास्थ्य समर्थन तक पहुंच की बाधाओं को दूर करने और संकटग्रस्त लोगों के लिए प्रभावी सहायता तंत्र स्थापित करने के महत्व को रेखांकित करती है। आज दुनिया ऐसी परिस्थितियों से गुजर रही है जहाँ महामारी, युद्ध, आर्थिक संकट, सामाजिक अस्थिरता, बेरोजगारी और जलवायु परिवर्तन जैसी घटनाएँ लगातार मनुष्य के मन पर चोट कर रही हैं। इन आपदाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य की समस्या एक मौन महामारी बन गई है। भारत में यह चुनौती और भी बड़ी है क्योंकि यहाँ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कम है और कलंक अधिक। मानसिक स्वास्थ्य दिवस सभी के लिए है-यह वर्ष के 365 दिन महत्वपूर्ण है, लेकिन 10 अक्टूबर दुनिया भर के सभी लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने हेतु एकजुट होने का एक अवसर है। यह सभी को अधिक समझ और सहानुभूति के माध्यम से अपने और दूसरों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

आज का युग आभासी दुनिया का युग है। मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल साधनों ने हमारे जीवन को जितना आसान बनाया है, उतना ही जटिल भी। आभासी संबंधों ने संवाद के नए मार्ग खोले हैं, परंतु भावनाओं की सच्चाई को खोखला कर दिया है। हम हर समय आभासी दुनिया से जुड़े रहते हैं, लेकिन भीतर से अत्यंत अकेले हो गए हैं। दूसरों के सुख और सफलता के प्रदर्शन से तुलना और हीनता की भावना बढ़ती जा रही है। इस निरंतर प्रतिस्पर्धा और प्रदर्शन ने लोगों के मन में चिंता, अवसाद और असंतोष को गहरा कर दिया है। सोशल मीडिया का अति प्रयोग मनुष्य को कल्पना और भ्रम की दुनिया में धकेल रहा है, जहाँ असली जीवन की सादगी और आत्मीयता खोती जा रही है। युवा पीढ़ी सबसे अधिक मानसिक दबाव में है। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा, करियर और परिवार की अपेक्षाएँ उन्हें उस स्तर तक पहुँचा रही हैं जहाँ असफलता आत्मघाती कदमों में बदलने लगी है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि आत्महत्या करने वालों में सबसे बड़ी संख्या किशोरों और युवाओं की है। वे जीवन से नहीं, अपनी असफलता से भागना चाहते हैं, परंतु संवादहीनता, समझ की कमी और मानसिक परामर्श की अनुपलब्धता उन्हें अंधकार की ओर धकेल देती है। युवा जीवन में ऊर्जा और आशा के प्रतीक हैं, लेकिन जब उन पर अपेक्षाओं का बोझ हावी हो जाता है, तब वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले लेती है। परिवार और समाज को चाहिए कि वे उन्हें समझें, संवाद करें, उनके मन की सुनें, और उन्हें यह विश्वास दें कि असफलता अंत नहीं है, बल्कि आगे बढ़ने का अवसर है।

महिलाओं की स्थिति भी कम कठिन नहीं है। घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियों, सामाजिक बंधनों और लैंगिक भेदभाव ने उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहरे रूप से प्रभावित किया है। घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और सामाजिक असमानता की स्थितियाँ उन्हें भीतर से तोड़ देती हैं। फिर भी वे समाज की धुरी बनी रहती हैं। उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना, उनके लिए सुरक्षित वातावरण और परामर्श की सुविधाएँ उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब महिलाएँ स्वस्थ और संतुलित मन से कार्य करेंगी, तभी समाज स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ सकेगा। इसी तरह वृद्धों का जीवन भी मानसिक स्वास्थ्य के मामले में अधिक जटिल होता जा रहा है। आत्महत्या की बढ़ती घटनाएँ एक चेतावनी हैं कि हम किसी बड़ी भूल के शिकार हैं। यह केवल व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज का दर्पण है। जब कोई व्यक्ति यह मानने लगता है कि अब उसके जीवन का कोई अर्थ नहीं बचा, तब उसकी आत्मा में आशा का दीप बुझ जाता है। उसे बचाने के लिए आवश्यक है कि हम उसके पास जाएँ, उसकी बात सुनें, उसे यह एहसास दिलाएँ कि वह अकेला नहीं है। समाज, परिवार, शिक्षण संस्थान और सरकार सभी को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जहाँ निराश व्यक्ति के लिए तुरंत सहायता उपलब्ध हो। मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ गाँव-गाँव तक पहुँचें, स्कूलों और कार्यस्थलों में परामर्श केंद्र स्थापित हों, यह समय की पुकार है। नशा मानसिक अस्वास्थ्य का सबसे बड़ा सहचर बन चुका है। शराब, तंबाकू, मादक पदार्थ, यहाँ तक कि दवाओं के दुरुपयोग ने मनुष्य की चेतना को कुंद कर दिया है। नशा अस्थायी आनंद देता है, परंतु दीर्घकालिक विनाश का कारण बनता है। यह व्यक्ति की आत्मनियंत्रण शक्ति को नष्ट कर देता है, निर्णय क्षमता को कमजोर करता है और अवसाद तथा आत्महत्या की प्रवृत्ति को बढ़ाता है। नशे की लत से ग्रस्त व्यक्ति समाज से कट जाता है और उसकी आत्मा में एक गहरा शून्य भर जाता है। इस समस्या का समाधान केवल दंड से नहीं, बल्कि संवेदनशील पुनर्वास और मानसिक परामर्श से संभव है। समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति शिक्षित करना और युवाओं को इसके जाल से बचाना हर घर की जिम्मेदारी होनी चाहिए। मानसिक अस्वस्थता से जूझ रहे व्यक्ति को सबसे पहले आवश्यकता होती है आशा की। निराशा की अंधेरी सुरंग में यदि कोई हाथ थाम ले, यदि कोई मुस्कान दे दे, यदि कोई कह दे कि सब ठीक हो जाएगा, तो वही वाक्य जीवनदान बन सकता है। आत्महत्या की रोकथाम का आरंभ संवेदनशील संवाद से होता है। हमें अपने बच्चों, मित्रों, सहकर्मियों और परिवारजनों से यह रिश्ता बनाना होगा कि वे अपने मन की बात कह सकें, बिना किसी भय या लज्जा के। आज का हर व्यक्ति तनावग्रस्त है। तनाव उनको होता है, जो निरंतर मन, वाणी और शरीर की प्रवृत्ति में लगे रहते हैं, विश्राम नहीं करते। यानी कि आज की भाषा में जो 'बिजी' रहते हैं। बिजी रहने की इस आदत ने जीवन में बहुत टेंशन पैदा किए हैं। जीवन में बिजी के साथ ईजी होना जरूरी है क्योंकि एक पहिए से रथ नहीं चलता। उसके लिए दोनों पहिए चाहिए। ज्ञान और ध्यान, काम और आराम- ये जीवन रूपी रथ के दो पहिए हैं। एक पहिए को निकाल देंगे तो रथ नहीं चलेगा। आज यही तो समस्या है और यही मानसिक अस्वास्थ्य की जड़ है। जीवन को एकांगी बनाया जा रहा है। इससे बहुत भारी समस्याएं पैदा हो रही हैं। मन की चंचलता का तो ज्यादा से ज्यादा इंतजाम किया जा रहा है, पर उसे स्थिर बनाने का कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। समस्या स्थिरता में नहीं, चंचलता में होती है। बाहर का खोल जितना भी मजबूत हो, भीतर को साधे बिना चंचलता कम नहीं होती। ये भीतर की गांठें देर-सबेर उलझा ही देती हैं। आज आवश्यकता है कि हम मानसिक स्वास्थ्य को विलासिता नहीं, बल्कि आवश्यकता समझें। शरीर की बीमारी के लिए जैसे हम डॉक्टर के पास जाते हैं, वैसे ही मन की पीड़ा के लिए भी विशेषज्ञ सहायता लेना सामान्य बने। मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को विद्यालयों में जोड़ा जाए, परामर्श केंद्रों को सशक्त किया जाए, और हर नागरिक को यह संदेश दिया जाए कि सहायता लेना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस का प्रतीक है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि चेतना का पर्व है। यह हमें याद दिलाता है कि स्वस्थ मन ही स्वस्थ समाज का आधार है। हमें निराशा से आशा की ओर, अकेलेपन से अपनत्व की ओर और अस्वस्थता से संतुलन की ओर बढ़ना है। मनुष्य की सबसे बड़ी ताकत उसका मन है, और जब मन शांत, स्थिर और प्रसन्न होगा, तभी जीवन भी सुंदर होगा। इसलिए आइए, हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने और दूसरों के मन की सेहत का ध्यान रखेंगे, संवाद करेंगे, सहयोग करेंगे और हर उस व्यक्ति के लिए आशा का दीप जलाएँगे जो अंधेरे में भटक रहा है। यही इस दिवस का सच्चा संदेश और जीवन का शाश्वत सार है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3676




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3675 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने कहा, 'आज इंसानियत है कहाँ?'

दूसरा व्यक्ति झट से बोला, 'क्यों आपके घर में 'शब्दकोश' नहीं हैं.

□ □ □

आप चार बार तलाक देने के बाद पाँचवीं बार विवाह करने क्यों जा रहे हैं? पहले व्यक्ति ने पूछा.

'क्यों, क्या पाँचों अंगुलियाँ बराबर होती हैं?' दूसरे व्यक्ति ने कहा.

□ □ □

पत्नी-'आप नींद में बहुत बोलते हैं.'

पति-'तो क्या तुम चाहती हो कि मैं नींद में भी तुम्हारी ही सुनता रहूँ.'

□ □ □

रमेश बहुत शर्मीला था.

एक दिन पार्टी में उसने अपनी प्रेमिका को फूलों का एक गुलदस्ता भेंट किया. प्रेमिका एकदम से भाव-विभोर होते हुए उससे लिपट गई और उसने उसका चुम्बन ले लिया.

रमेश झेंपकर हॉल से बाहर जाने लगा. इस पर उसकी प्रेमिका ने डरते हुए पूछा- ''नाखुश हो गए?''

''नहीं.''

रमेश जल्दी से बोला-''नाखुश होने की कोई बात नहीं है. मैं और फूल लेने जा रहा हूं.''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3676



### बायें से दायें:-

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

### ऊपर से नीचे:-

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3675



## सूडोकु -3676

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3675 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## शब्द पहेली - 3676



### बाएँ से दाएँ

1. मरघट,कब्रिस्तान-4
3. पागल,बुद्धिहीन-4
8. भगवान,ईश्वर,खुदा-7
10. डांटना,दुत्कार-3
11. तरुण,किशोर-3
13. ओट,घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया,अजनबी-2
18. आनंद,मौज-2
19. सूर्य,भास्कर-2
21. चिंतन,सोच विचार-3
25. वेणी,फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष,आक्रमण, हमला-4

### ऊपर से नीचे

2. कवि,गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर,भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज,पापी,भूत-3
8. शरण,आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट,प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना,अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी,दूसरी पत्नी-3

शब्द पहेली -3675 का हल



# यूपी रेरा की नई पहल : परियोजना पंजीकरण अवधि बढ़ाने के लिए 'यूज़र मैनुअल' जारी

**विशेष रिपोर्ट – विशाल इंडिया हिंदी दैनिक**

लखनऊ/गौतमबुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता को और मजबूत बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्राधिकरण ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर परियोजना पंजीकरण की अवधि बढ़ाने (Extension of Project Registration) की प्रक्रिया के लिए नया यूज़र मैनुअल जारी किया है।

यह मैनुअल प्रमोटरों को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी प्रदान करता है, जिससे आवेदन की गलतियों और विलंब की संभावना काफी हद तक घट जाएगी।

यह पहल रियल एस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) अधिनियम, 2016 और उससे संबंधित नियमों के अनुरूप तैयार की गई है।




## पारदर्शिता और प्रोफेशनलिज़्म की दिशा में बड़ा कदम

यूपी रेरा ने इससे पहले शिकायत पंजीकरण मैनुअल, परियोजना पंजीकरण मैनुअल और प्रमोटर एनरोलमेंट मैनुअल जारी किए थे। अब यह नया मैनुअल उस श्रृंखला का विस्तार है, जो ई-गवर्नेंस और डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। इस मैनुअल में चित्रों और उदाहरणों के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को समझाया गया है, जिससे प्रमोटरों को इसे पूरा करने में आसानी होगी। इससे आवेदन प्रक्रिया तेज़, सटीक और पारदर्शी बनेगी, और खरीदारों तथा डेवलपर्स दोनों के बीच भरोसे का माहौल मजबूत होगा।

## अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कही अहम बात

**यूपी रेरा के अध्यक्ष श्री संजय भूसरेड्डी ने इस अवसर पर कहा —** परियोजना पंजीकरण की अवधि बढ़ाने की प्रक्रिया हेतु जारी यह यूज़र मैनुअल प्रमोटरों और हितधारकों के लिए उपयोगी संदर्भ साबित होगा। यह पहल रियल एस्टेट क्षेत्र में विश्वास, पारदर्शिता और जवाबदेही को और मजबूत करने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## भविष्य की दिशा : एजेंट प्रशिक्षण और पंजीकरण मैनुअल

यूपी रेरा जल्द ही एजेंट प्रशिक्षण और पंजीकरण मैनुअल भी जारी करने जा रहा है, जिसमें एजेंटों को उनकी भूमिका और पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

इन सभी मैनुअल्स का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रियल एस्टेट सेक्टर के प्रत्येक हितधारक — प्रमोटर, एजेंट और खरीदार — ऑनलाइन प्रक्रियाओं को सही और सहज रूप में समझ सकें।

## निष्कर्ष

यूपी रेरा की यह पहल न केवल डिजिटल गवर्नेंस को गति देगी, बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' को भी नए स्तर पर ले जाएगी। यह कदम रेरा की उस निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो कहती है — 'पारदर्शिता ही भरोसे की नींव है।'

# नोएडा की सड़कों पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर






▸ रेंज रोवर डिफेंडर कार ने चार कार समेत एक बाइक को ठोका, कार चालक को हिरासत

नोएडा। वकार सैफी। नोएडा मे एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। तेज रफतार रेंज रोवर डिफेंडर कार ने 4 कार समेत एक बाइक को टक्कर मार दी।

गनीमत ये रही कि इस एक्सीडेंट में किसी को कोई गंभीर चोट नही आई है। हादसा नोएडा के थाना सेक्टर-135 क्षेत्र स्थित सेक्टर 129 गुलशन मॉल के पास एक्सीडेंट हुआ, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया। बता दे कि पुलिस मुताबिक नोएडा के सेक्टर-100 में रहने वाला सुनीत पुत्र कर्म सिंह कार चला रहा था। वो गुलशन तिराहे के पास से कट ले रहा था। इस दौरान कार बेकाबू हो गई। सामने से स्विफ्ट डिजायर कार से टकरा गई। कार की टक्कर से कार सवार लोगों को हल्की चोट लगी। इसके बाद एक के बाद एक तीन और गाड़ियों से टक्कर हो गई। वहीं, पास से जा रही बाइक भी इसकी चपेट में आ गई। बाइक सवार और डिजायर सवार चालक को हल्की चोट लगी है। जिनका प्राथमिक इलाज किया गया। वहीं, डिफेंडर कार चालक को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान यातायात कर्मियों ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क किनारे किया और यातायात को क्लियर किया।

# रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा आईआईएमटी कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर




**गौतमबुद्धनगर।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा आई आई एम टी कॉलेज में रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडी एम एल ए बच्चू सिंह जी ने किया और वहाँ उपस्थित छात्र छात्राओं को रक्तदान के लिये प्रेरित किया किया। शिविर में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया। कैम्प में 114 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रो0 सौरभ बंसल ने बताया कि रोटरी ब्लड बैंक नोएडा में रक्त की कमी चल रही थी। जिसे दूर करने के लिये आईआईएमटी कॉलेज के एमडी डॉ0 मयंक अग्रवाल से अनुरोध करने पर उन्होंने कॉलेज कैम्पस में रक्तदान शिविर आयोजित करने की सहमति प्रदान की। रोटरी क्लब के सहयोग से लगाये गये शिविर में 114 बहुमूल्य यूनिट रक्त एकत्र हुआ। कॉलेज के तरफ से डॉ0 संजय सिंह, डॉ0 हर्षित सिन्हा, डॉ0 गोविंद गुप्ता, अमित ओझा जी और उमेश कुमार जी का विशेष सहयोग रहा। सभी को क्लब की तरफ़ से स्मृती चिन भेंट किये गये। क्लब अध्यक्ष रो0 ऋषि के अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान के लिये छात्र छात्राओं में उत्साह देखने को मिला सभी ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया कैम्प में 164 बच्चों ने रजिस्ट्रैशन किया जिसमें से 50 बच्चे कम हीमोग्लोबिन और अंडरवेट के कारण रक्तदान नही कर सके। छात्र और छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए रो0 मनोज नागर और रो0 योगेंद्र चौहान ने भी रक्तदान किया। कैम्प में रो0 सौरभ बंसल, रो0 डॉ के के शर्मा, रो0 अंकुर गर्ग, रो0 निखिल गर्ग, रो0 राहुल शर्मा, रो0 सरदार रंजीत सिंह (मणि) व रो0 शैलेश वार्षनेय मौजूद रहे।

# जेवर में जमीन विवाद में परिवार पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर खादर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। इस दौरान एक पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ गुरुवार शाम को मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित विक्रम ने बताया कि उनके गांव के कुछ लोग लंबे समय से उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। गुरुवार सुबह आरोपी उनके खेत पर दीवार लगाकर कब्जा कर रहे थे। जब विक्रम और उनके परिवार ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में विक्रम सहित उनके परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर ओमकार, हरिपाल, लायकराम और देशराज सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत 'बाल विवाह को ना-चैम्पियन सम्मान' कार्यक्रम सम्पन्न

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत आज दनकौर परियोजना कार्यालय में 'बाल विवाह को ना-चैम्पियन सम्मान' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी, मुख्य सेविका ममता तिवारी, पूनम रावत, किरन भारती तथा डा0अनंता श्रीवास्तव (प्राध्यापक, डिपार्टमेंट ऑफ बायोमेडिकल साइंसेज, स्कूल ऑफ बायोसाइंसेस एंड टेक्नोलॉजी, गलगोटियास यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा) उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम के दौरान बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों का विवाह कानूनन अपराध है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपेक्षा की गई कि वे ग्राम स्तर पर इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ, ताकि समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर प्रभावी रोक लग सके। चैम्पियन सम्मान के तहत युवाओं को खेलों में रुचि लेकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने, तथा अपने ग्राम, जनपद, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पोषण माह के अंतर्गत बच्चों में बढ़ती मोटापा समस्या पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि जंक फूड, तैलीय एवं बाहर के खाने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बच्चों को घर का पौष्टिक भोजन जैसे हरी सब्जियाँ, दालें, मक्के के आटे की रोटी आदि खाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। कार्यक्रम जागरूकता, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के संदेश के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# नोएडा के ऑटोमोबाइल क्लस्टर में होंगे 8 भूखंड

### 12 हजार 596 वर्गमीटर एरिया, चार ऑटो शोरूम, दो रेस्टोरेंट और मल्टीलेवल पार्किंग बनेगी

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण सभी प्रमुख कार शोरूम को एक ही छत के नीचे लाने की तैयारी में है। इसके लिए सेक्टर-105 में ऑटोमोबाइल शोरूम क्लस्टर विकसित करेगा। ये क्लस्टर 12 हजार 596 वर्गमीटर लैंड पर बनेगा। ये लैंड एक्सप्रेस वे के सामने है। इस पर 4.0 एफएआर अनुमान्य है। क्लस्टर बनाने के लिए इसको 8 भूखंड में बांटा गया है। जिसमें चार भूखंड ऑटोमोबाइल शो रूम के लिए, दो भूखंड रेस्टोरेंट के लिए एक भूखंड कामर्शियल के लिए है। यहां सभी पार्किंग की व्यवस्था न देकर एक अतिरिक्त भूखंड पर मल्टीलेवल कार पार्किंग या पज़ल पार्किंग को बनाया जाना प्रस्तावित किया गया है। यहां आने वाले लोग इसी पार्किंग में ही अपने वाहन खड़े कर सकेंगे।




प्राधिकरण ने बताया कि ऑटो शो रूम के लिए प्रस्तावित चार भूखंडों में 2231 वर्गमीटर से लेकर 2300 वर्गमीटर के है। वहीं रेस्टोरेंट के लिए 500-500 वर्गमीटर और कॉमर्शियल के लिए 271 वर्गमीटर भूखंड बनाया गया है। मल्टीलेवल कार पार्किंग 2261 वर्गमीटर पर बनाई जाएगी।

वर्तमान में अधिकांश ऑटोमोबाइल व आउटलेट शहर के सबसे व्यस्त रास्ते में से एक उद्योग मार्ग पर स्थित हैं। शोरूम में आने वाले लोग अपने वाहन सड़क किनारे पार्क कर देते हैं, जिससे सड़क पर अक्सर जाम लग जाता है, खासकर व्यस्त समय के दौरान। पिछले साल सड़क के नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 49 करोड़ रुपए मंजूर करने के बावजूद, यहां कंपनी से निगोसिएशन नहीं होने के कारण काम आगे नहीं बढ़ सका।

## कई बड़े आउट लेट होंगे स्थनांतरित

इस समस्या के समाधान के लिए प्राधिकरण ने अब इन आउटलेट्स को सेक्टर 105 में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। जहां तीन तरफ चौड़ी सड़कें हैं। जिससे यहां जाम नहीं लगेगा। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा, इस परियोजना में सभी ऑटोमोबाइल ब्रांड एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे, यहां एक समान और खूबसूरती से डिजाइन किए गए आउटलेट होंगे। आगंतुकों के लिए यहां पहुंचना आसान होगा और उचित पार्किंग व अन्य सुविधा उपलब्ध होंगी।

## सेटबैक में दी जाएगी राहत

सेक्टर-105 में नियोजित इस भूखंड की कुल एरिया करीब 12 हजार 596 वर्गमीटर है।

इसकी लंबाई 456 मीटर और चौड़ाई 19.96 मीटर है। प्राधिकरण के नियोजन विभाग का कहना है कि यदि इसमें सेटबैक दिया जाता है जो उक्त भूखंड की चौड़ाई महज 4.6 मीटर रहेगी। जिस पर कामर्शियल गतिविधि नहीं की जा सकती है। ऐसे में सेटबैक में राहत देने के लिए बोर्ड के सामने प्रस्ताव रखा गया है। जिस पर विचार किया गया।

# नोएडा में 3.26 करोड़ की ठगी में 3 गिरफ्तार

नोएडा। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ कमाने का झांसा देकर 3 करोड़ 26 लाख रुपए की ठगी करने वाले 03 ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम सन्नी, दुर्गेश और विकास कुमार हुई है। इनकी गिरफ्तारी लखनऊ और उन्नाव से की गई है।

## मुनाफा दिखाकर जमा करवाए पैसे

12 जून 2025 को सेक्टर-27 निवासी पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम आकर सूचना दी कि रेट फाइन इन्वेस्टमेंट लिमिटेड कंपनी का कर्मचारी बनकर कुछ व्यक्तियों ने शेयर मार्केट में निवेश करने का ऑफर दिया। उनको एक वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ा। इसके बाद पहले कम निवेश करवाया।

मुनाफा होने पर एक्सिस भी दिया और पैसा निकला। विश्वास होने पर कई बार में 3 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम ट्रांसफर की। जब पैसों की जरूरत हुई तो ठगों ने टैक्स के नाम पर मोटी रकम मांगी। मना करने पर ग्रुप से बाहर कर दिया।

साइबर क्राइम में शिकायत मिलते ही उन खातों को फ्रीज किया गया। जिसमें पैसे ट्रांसफर किए गए थे। पूछताछ के दौरान पता चला कि सन्नी कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी करते हुए अपने खाते में 23 लाख रुपए जमा करवाए थे। ये पैसा खाता उपलब्ध कराने के लिए कमीशन मिला था।

इन पैसों को निकालकर सन्नी ने अपने साथी विकास निवासी दिल्ली को सौंप दिया।

जिसमें से विकास द्वारा एक लाख रुपए सन्नी निवासी थाना क्षेत्र सरोजनी नगर, लखनऊ को दिया गया। बाकी दुर्गेश और विकास कुमार के साथ आपस में बांट लिया। इन सभी को लखनऊ और उन्नाव से गिरफ्तार किया गया।

# शिकायतों के निपटारे में नोएडा पुलिस पूरे प्रदेश में अव्वल

**नोएडा।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निपटारा करने में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस बार जिले के सभी 27 थाने की रैंक पहली रही। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से सितंबर माह की मूल्यांकन रिपोर्ट गुरुवार को जारी हुई। आईजीआरएस टीम प्रभारी, सभी थाने के प्रभारी और ऑपरेटर को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुरस्कृत करने की बात कही है। पुलिस कमिश्नर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायती पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निपटारा के लिए हर माह के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है, जिसके कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसको सरकार की तरफ से नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को एक आसान और प्रभावी माध्यम प्रदान करना है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का कहना है कि इस प्रणाली के तहत गौतमबुद्धनगर का सितंबर माह में प्रथम रैंक पर आना एक बड़ी उपलब्धि है।

# नोएडा में शुरू हुआ यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 'स्वदेशी मेला'

### एमएसएमई, हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि उत्पादों के स्टॉल शामिल, सुबह 11 से रात 8 बजे की है टाइमिंग

**एजेंसी**

**नोएडा।** नोएडा में आज से यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 'स्वदेशी मेला' 2025 शुरू हो गया है। 18 अक्टूबर तक चलने वाले इस शो में एमएसएमई से जुड़े उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी। इस शो में करीब 150 से ज्यादा स्टॉल है। इसके अलावा बी2बी और बी2सी व्यापार भी किया जाएगा। रोजाना सुबह 11 से रात 8 बजे तक ये मेला लोगों के लिए खुला रहेगा।

इस मेले में शिल्पकार भी हिस्सा ले रहे है। मेला नोएडा के सेक्टर-33ए नोएडा हॉट में आयोजित किया जा रहा है।



मेले को स्वदेशी अपनाए देश को आत्मनिर्भर बनाए की तर्ज पर लगाया गया है। यहां एमएसएमई कंपनियों के उत्पादों को रखा गया है। इसके अलावा स्टार्टअप के लिए ये अच्च्छा अनुभव होगा।

यहां कई सेशन भी होंगे। लोग यहां खरीदफरोख्त और बिजनेस से संबंधित बातचीत कर सकते है।

मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यहां सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इसके अलावा आने वाले लोगों को दिक्कत न हो इसके इंतजाम भी किए गए है।

## शिल्प कला, क्राकरी से सजे स्टॉल

मेले में शिल्पकारी, मेवे के अलावा कालीन और क्राकरी के अलावा सजावटी सामान के स्टॉल लगाए गए है।

इसके अलावा हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि उत्पादों और नवाचार आधारित स्टार्टअप को एक साझा मंच दिया गया है। जिससे स्थानीय उत्पादों को राष्टीय और अंतरराष्टीय बाजार तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

इससे पहले नोएडा के एक्सपो के सेंटर में पांच दिन इंटरनेशनल यूपी ट्रेड शो का आयोजन हो चुका है। वहां से करीब 10 हजार करोड़ का बिजनेस यूपी के कारोबारियों को मिला। उम्मीद है लोकल स्तर पर भी कारोबारियों को निवेश मिलेगा।

मेले का औपचारिक उद्घाटन कल प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह करेंगे। उनके साथ उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी और डीएम मेधा रुपम मौजूद रहेंगी।

# शार्ट न्यूज

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलेगा दो नि:शुल्क सिलेंडर रिफिल का लाभ

**गौतम बुद्ध नगर।** शासन द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में लाभार्थियों को दो नि:शुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत प्रथम चरण में अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक पात्र लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेंडर रिफिल का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह लाभ केवल उन्हीं उज्ज्वला योजना लाभार्थियों को प्राप्त होगा, जिनके बैंक खाते आधार से लिंक एवं आधार प्रमाणित हैं। उपभोक्ता को पहले सामान्य उपभोक्ता दर पर रिफिल प्राप्त करनी होगी, जिसके उपरांत 04 से 05 दिनों के भीतर सब्सिडी की धनराशि उनके आधार-सत्यापित बैंक खाते में तेल विपणन कंपनियों द्वारा अंतरित कर दी जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के सभी उज्ज्वला योजना लाभार्थियों से अपील की है कि जिनका आधार प्रमाणीकरण अभी तक नहीं हुआ है, वे शीघ्र अपनी संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क कर आधार प्रमाणीकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें इस नि:शुल्क सिलेंडर रिफिल योजना का लाभ समय से प्राप्त हो सके।

## पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र भरना हुआ आसान

**गौतमबुद्धनगर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतम बुद्ध नगर शिखा गुप्ता ने जनपद के समस्त पेंशनर्स को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के पेंशनर्स द्वारा वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत किए जाने की व्यवस्था है, जो कि अगले 01वर्ष तक प्रभावित रहता है। वर्तमान में कोषागार में उपस्थित हुए बिना भी किसी भी पेंशनर द्वारा अपना जीवित प्रमाण पत्र अपनी बैंक शाखा के माध्यम से, कोषागार में स्वयं उपस्थित होकर अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से, अपने निवास से, अपने मोबाइल से भी प्रेषित कर सकते हैं। इसके लिए पेंशनर को अपने मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर द्वारा आधार फेस आई0डी0 ऐप डाउनलोड कर जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करना होता है, जो की बहुत ही सुविधाजनक है। इस ऐप के द्वारा अपना आधार कार्ड संख्या, मोबाइल नंबर पर ओटीपी, पेंशन भोगी का नाम, पेंशन का प्रकार सर्विस/फैमिली पेंशन, स्वीकर्ता प्राधिकारी-राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, संवितरण एजेंसी-उत्तर प्रदेश कोषागार/उपकोषागार, कोषागार एजेंसी-गौतमबुद्धनगर(7600), पी0पी0ओ0 संख्या, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड, बायोमेट्रिक इन्प्रेशन/फेस आईडी आदि जानकारी के साथ जीवन प्रमाण पत्र बना सकते हैं।

## नोएडा में बुजुर्ग से 55 लाख की ठगी

**नोएडा।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने एक बुजुर्ग के साथ 55 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने इस संबंध में साइबर क्राइम थाने में चार कथित आरोपियों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जानकारी जुटा रही है। जेएल गहलोत (62) ने बताया कि इसी साल 10 जुलाई को उन्हें फेसबुक पर एक विज्ञापन दिखाई दिया। इसमें शेयर ट्रेडिंग कर लाखों रुपए रोजाना कमाने के बारे में जानकारी दी गई थी। पीड़ित अपनी जमा पूंजी को निवेश कर मुनाफा कमाने के बारे में सोचने लगा। उसने सोशल मीडिया पर दिए गए लिंक पर क्लिक किया तो सीधे फीनवेय फाइनेंशियल सर्विस नाम के वॉट्सऐप ग्रुप पर उसे जोड़ लिया गया। ग्रुप में 80 सदस्य पहले से ही थे। वे विभिन्न कंपनियों और शेयर मार्केट में निवेश पर होने वाले लाभ का स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे। अचानक से ग्रुप की एक सदस्य गौरी ने पीड़ित से अलग से बातचीत करनी शुरू की और खुद को शेयर मार्केट की विशेषज्ञ बताया। महिला के झांसे में आने के बाद पीड़ित को नोमुरा और बबकैप्स नाम के वॉट्सऐप ग्रुप पर में भी जोड़ लिया गया। यहां से पीड़ित को शेयर मार्केट में निवेश करने का फर्जी प्रशिक्षण दिया गया।

## नोएडा में 1100 किलो दूषित मिठाई नष्ट

गौतम बुद्ध नगर। आगामी त्योहारों को देखते हुए जिला प्रशासन ने मिलावट के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल 8 नमूने लिए गए और लगभग 1100 किलोग्राम दूषित मिठाई को नष्ट कराया गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.के. पांडेय, ओ.पी. सिंह और रविंद्र नाथ वर्मा की टीम ने सेक्टर-115 नोएडा स्थित रमा शंकर की मिठाई निर्माण शाला पर छापा मारा। यहां ग्रामीण इलाकों की दुकानों पर सप्लाई के उद्देश्य से अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में बनाई जा रही भारी मात्रा में मिठाइयां बरामद की गईं। बरामद मिठाइयों में बूंदी के लड्डू, मोहन बर्फी, मोहन केक, मोहन पेड़ा, पत्तीसा और कच्ची बर्फी शामिल थीं। इनमें से प्रत्येक का एक-एक नमूना (कुल 6 नमूने) लिया गया। शेष लगभग 1100 किलोग्राम दूषित मिठाई को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। वहीं, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, मालती, विशाल गुप्ता और विजय बहादुर पटेल की टीम ने लखनावली सूरजपुर स्थित वीरेंद्र नमकीन भंडार से नमकीन का एक नमूना लिया और लगभग 38 किलोग्राम नमकीन जब्त की।

## ग्रेटर नोएडा में किसानों ने की मुआवजे की मांग

**जेवर।** गौतम बुद्ध नगर में बारिश और तूफान से धान की फसल बर्बाद होने के बाद किसानों ने मुआवजे की मांग की है। गुरुवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी मेधा रूपम के नाम एक ज्ञापन एसडीएम (एलए) राजेश कुमार को सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर के नेतृत्व में दिया गया। संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और आलोक नागर ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर के दनकौर, दादरी और जेवर जैसे क्षेत्रों में किसानों ने मुख्य रूप से धान की फसल बोई थी। यह फसल इस समय पककर तैयार थी, लेकिन बेमौसम बारिश और तूफान ने इसे पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि फसल बर्बाद होने से किसानों के सामने आजीविका का बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि अधिकांश किसानों ने कर्ज लेकर धान की बुवाई की थी, जिससे फसल बर्बाद होने के कारण वे बड़े आर्थिक संकट में आ गए हैं। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान ने मांग की कि किसानों की बर्बाद हुई फसल का जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मुआवजा नहीं मिला, तो करप्शन फ्री इंडिया संगठन क्षेत्रीय किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेगा।

## महिला ने कार से बाइक सवार को मारी टक्कर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर एक कार सवार महिला ने बाइक से जा रहे प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार ने गुरुवार को कार चला रही महिला के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी जीवा ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात उनके भाई राहुल ग्रेटर नोएडा से ड्यूटी कर बाइक से लौट रहे थे। यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर गौर यमुना सिटी सोसायटी के पास तेज गति से आ रही एक महिला ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इस टक्कर से राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके दांत टूट गए और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। उन्हें लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के समय कार चला रही महिला शराब के नशे में थी और उसकी लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ। पीड़ित परिवार की शिकायत पर कार के नंबर के आधार पर अज्ञात महिला के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि कार के नंबरों के जरिए आरोपी की पहचान कर उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने किया स्वदेशी मेला-2025 का शुभारंभ

**स्थानीय उत्पादों के स्टालों का किया निरीक्षण, कारीगरों की सराहना की**





**पीलीभीत।** ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में गुरुवार को स्वदेशी मेला-2025 का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया।

यह मेला 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई, जिसे बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत पुष्प देकर किया और मेले की रूपरेखा से अवगत कराया।उन्होंने बताया कि स्वदेशी मेला-2025 में स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों जैसे बांसुरी, पूजा सामग्री, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, गिफ्ट आइटम, मिठाई, कपड़े, कंबल, दरी, चादरें, जरी-जरदोजी वस्त्र और स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्रियों के कुल 50 निशुल्क स्टाल लगाए गए हैं।

### स्थानीय उत्पादों को आत्मनिर्भरता का आधार बताया

डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्रीज मुकेश कुमार ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य स्थानीय हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को प्रोत्साहन देना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे दीपावली और धनतेरस जैसे त्योहारों पर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें, ताकि जनपद की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

मेले में सिद्दीकी हैंडलूम इंडस्ट्रीज, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जलकुंभी उत्पादक, पशुपालन विभाग, आजीविका मिशन, कृषि विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, राजकीय पॉलीटेक्निक, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला कल्याण विभाग, मिशन शक्ति, रेशम विभाग और स्वयं सहायता समूहों के स्टाल लगे हैं। प्रभारी मंत्री ने सभी स्टालों का भ्रमण किया और कारीगरों से उनके उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीलीभीत के कारीगरों ने जिस स्तर का काम किया है, वह केवल जनपद में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पहचान बना चुका है।

कार्यक्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत धोबी ट्रेड से जुड़े लाभार्थियों को टूलकिट, दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वजन मशीनें वितरित की गईं।पीलीभीत की बांसुरी को मिलेगा राष्ट्रीय मंच में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत पीलीभीत की बांसुरी को मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों को हर स्तर पर सहयोग और विपणन मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करें, ताकि स्थानीय समूहों को आर्थिक मजबूती मिल सके। इस अवसर पर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सुमित गंगवार, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी प्रताप नारायण, मनरेगा उपायुक्त हेमंत कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुडी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत पीलीभीत जिले की छात्राओं व महिलाओं को सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन की जानकारी






पीलीभीत। जनपद में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो टीम मिशन शक्ति टीम तथा थाना पुलिस सक्रिय रूप से शामिल रही। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना था और इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों में जाकर छात्राओं और छात्रों को साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन ठगी जैसे अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री नताशा गोयल ने ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों की प्रकृति और उनसे बचाव के व्यावहारिक उपायों के बारे में बताया तथा उन्हें सोशल मीडिया फ्रॉड ओटीपी धोखाधड़ी फिशिंग लिंक फर्जी कॉल और फर्जी वेबसाइट जैसी धोखाधड़ी से सतर्क रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि किसी भी अनजान लिंक या कॉल पर विश्वास नहीं करना चाहिए और अपने बैंकिंग या व्यक्तिगत विवरण को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए। इसके अलावा साइबर हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से ऐसे मामलों में तुरंत शिकायत दर्ज कराने का तरीका भी बताया गया।

जनपद के बिलसंडा पूरनपुर न्यूरिया माधोटांडा बरखेड़ा करेली और गजरौला थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों ने विद्यालयों और कॉलेजों में जाकर छात्राओं और छात्रों को साइबर सुरक्षा ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों और सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस अभियान के दौरान छात्राओं को बताया गया कि संकट की स्थिति में महिला हेल्पलाइन 1090 181 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 स्वास्थ्य सेवा 102 108 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क किया जा सकता है।

# डीएम-एसपी ने मतगणना केन्द्रों का किया निरीक्षण



**ललितपुर ।** जिलाधिकारी अमनदीप डुली एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा आगामी नगर पालिका अध्यक्ष पद उपचुनाव के दृष्टिगत मतगणना स्थल अमरपुर मण्डी एवं मतदेय स्थलों 1.नगर पालिका बालिका इण्टर कालेज , ललितपुर 2.बालहंस इण्टर कालेज , ललितपुर 3.रविन्द्र नाथ टैगोर जू0 हा0 स्कूल रामनगर , ललितपुर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। मतगणना स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं जैसे बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा, स्ट्रॉन्ग रूम, सुरक्षा बलों की तैनाती एवं प्रवेश/निकास के नियंत्रण-व्यवस्था की भी समीक्षा कर , सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । तत्पश्चात मतदान स्थलों पर उचित सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, व्हीलचेयर एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भौतिक रूप से जायज़ा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# आईजीआरएस : झांसी रेंज छठवीं बार रहा अव्वल

- रेंज के जनपद प्रभारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण कराएं निस्तारण : आई.जी.



**ललितपुर ।** झांसी माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में माह सितम्बर 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी आकाश कुलहरि द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह सितम्बर 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- सितम्बर 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने लगातार छठवीं (06) बार प्रथम रैंक प्राप्त की है । आई.जी. द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उ0नि0 राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मु0आ0 देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को प्रोत्साहन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है ।आई.जी द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को आईजीआरएस प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है ।

## सिपाही के सिर पर चढ़ा ट्रॉली का पहिया, मौत

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद में सड़क हादसे में यूपी पुलिस के एक सिपाही की मौत हो गई। 33 साल के सिपाही को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचल दिया। ट्रॉली का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया। हेलमेट पहने होने के बावजूद उनका सिर पूरी तरह से कुचल गया। सड़क पर खून ही खून फैल गया और मौके पर ही मौत हो गई। दरअसल, सिपाही अजय कुमार नाइट ड्यूटी के बाद गुरुवार सुबह सवा 5 बजे बाइक से घर जा रहे थे। इटावा-बरेली नेशनल हाईवे पर ओवरटेक करने की कोशिश में उनकी बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इसके बाद अजय जमीन पर गिर पड़े। इससे पहले कि वो संभल पाते, ट्रॉली का पहिया उनके सिर पर चढ़ गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली भी रोड पर पलट गई। ड्राइवर ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर भाग गया। घटना जिला मुख्यालय से 26 किलोमीटर दूर स्थित राजेपुर थाना की है। सिपाही अजय कुमार को पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस लाइन ग्राउंड में सलामी दी गई।

# अवैध पिस्टल के साथ दो को दबोचा, जेल रवाना

**सब इंस्पेक्टर सुधीर त्रिपाठी की टीम को बड़ी सफलता**

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी



**अम्बेडकरनगर नगर।** पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर अभिजीत आर शंकर के कुशल दिशा निर्देशन तथा क्षेत्राधिकार भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण एवं थाना अध्यक्ष महरुआ यादवेंद्र सोनकर के नेतृत्व में महरुआ थाना क्षेत्र में महरुआ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।गुरुवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम सेमरी जैमलपर मोड़ के पास अवैध पिस्टल शस्त्र के साथ खड़े है,और किसी का इंतजार कर रहे हैं,मुखबिर पर भरोसा करके बिना देरी किए उपनिरीक्षक सुधीर त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस मुखबिर के बताए जगह के लिए निकल पड़ी,सेमरी जैमलपुर मोड़ पर दो व्यक्ति खड़े मिले और पुलिस को देखकर भागने लगे तभी पुलिस टीम पैदल घेरेबंदी करके दोनों को पकड़ लिया,और तलाशी लिया तो 1 व्यक्ति के पास से 315 बोर का 1 तमंचा जिंदा कारतूस लगा हुआ और दूसरे व्यक्ति के पास से 1 अवैध पिस्टल 32 बोर,1 अंगूठी लगभग 3 ग्राम की,और 28300 रुपए नगदी पाया गया पूछताछ में पहले व्यक्ति ने अपना नाम बृजेश कुमार पुत्र चिंताराम निवासी लोहरा बरामदपुर थाना महरुआ जनपद अम्बेडकरनगर उम्र लगभग 26 वर्ष और दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम गणेश बढ़े पुत्र सुभाष बढ़े निवासी रूम नंबर 119/07/12 गिरधर तांबे नगर बरकत अली दुर्गा मार्ग बडाला पुलिस स्टेशन बडाला पूर्व मुंबई उम्र लगभग 30 वर्ष बताया दोनों ने पूछताछ में गणेश बढे ने बताया कि बृजेश मुम्बई सैलून में जाब करता था वही उसकी दोनों की मुलाकात हुई थी गणेश बाड़े में बताया कि वह मुंबई से पिस्टल खरीदने के लिए बृजेश के पास अम्बेडकरनगर आया था लेने देन करके निकलने वाला था तभी पकड़ लिया गया, गिरफ्तार करने वाली टीम में महरुआ थाना से उपनिरीक्षक सुधीर त्रिपाठी,उपनिरीक्षक प्रभात कुमार, हेड कांस्टेबल प्रमोद शर्मा, कांस्टेबल अयूब, कांस्टेबल मोहित चौरसिया शामिल थे।

थाना प्रभारी यादवेन्द्र सोनकर ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया हैं और दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। विधिक कार्रवाई के उपरांत दोनों को न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम में बालिकाओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** बानपुर पुलिस ने शिल्प इंटर कॉलेज परिसर में गुरुवार को मिशन शक्ति-5 के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत थानाध्यक्ष बानपुर अरूण कुमार तिवारी व थाना बानपुर मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम द्वारा जीवन शिल्प इंटर कॉलेज बानपुर की 700 छात्राओं/छात्रो को जागरूक किया गया। मुख्य उद्देश्य: छात्राओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं पुलिस व्यवस्था के प्रति जागरूक करना।प्रमुख जानकारियाँ एवं योजनाएँ।

छात्राओं को निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों एवं अभियानों की जानकारी दी गई।सेवा / अभियान हेल्पलाइन नंबर / विवरण विमेन पावर हेल्पलाइन 1090 यूपी पुलिस आपातकालीन सेवा 112 महिला हेल्पलाइन 181मुख्यमंत्री हेल्पलाइन1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर अपराध जागरूकता 1930 (साइबर सुरक्षा उपाय) ऑपरेशन कवच महिला सुरक्षा हेतु विशेष अभियान एंटी रोमियो अभियान सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा मिशन शक्ति केंद्र महिला सहायता हेतु समर्पित केंद्र संवाद एवं प्रेरणा: कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष बानपुर द्वारा छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा, कानूनी अधिकारों, एवं सहायता प्राप्त करने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

यह पहल मिशन शक्ति के उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो समाज में महिला सशक्तिकरण, विश्वास निर्माण, एवं सुरक्षा को बढ़ावा देता है।

## बरेली में डकैत शैतान एनकाउंटर में मारा गया

**बरेली।** बरेली में एक लाख का इनामी डकैत शैतान उर्फ इफ्तेखार एनकाउंटर में मारा गया। मुठभेड़ में एसओजी के हेड कॉन्स्टेबल राहुल को भी गोली लगी है। एसएसपी के मुताबिक, गुरुवार सुबह 5.30 बजे पुलिस ने भोजीपुरा थाने में नैनीताल हाईवे किनारे बिलवा पुल के पास डकैत शैतान (37) को घेरा, तो उसने टीम पर फायरिंग कर दी। डकैत ने पुलिस पर 17 राउंड फायरिंग की। बचाव में पुलिस ने भी फायरिंग की। एक गोली उसके सीने और एक खोपड़ी के पार हो गई। पुलिस उसे जिला अस्पताल ले आई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसका एक साथी फरार हो गया है। डकैत शैतान पर 7 जिलों में हत्या और डकैती जैसी गंभीर धाराओं में 19 मुकदमे दर्ज थे। पुलिस रिकॉर्ड में उसके 14 नाम और 5 एड्रेस मिले हैं। बदमाश का 7 जिलों (बरेली, बहराइच, गोंडा, हरदोई, बाराबंकी, मेरठ, गौतमबुद्धनगर) में आतंक था।

# साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधडी में 41,997.रुपये वापस कराए



**ललितपुर।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के पीड़ितों को 41,997 रुपये वापस करायें।

पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक बृजेन्द्र सिंह पुत्र मनीराम नि0 ग्राम नूनावली थाना जाखलौन जनपद ललितपुर के साथ 41,997/- रुपये की धनराशि की धोखाधड़ी हुई थी, जिसके सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पर आवेदक द्वारा शिकायत की गयी थी । साइबर क्राइम थाना ललितपुर, पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियो/ बैंको/वालेट आदि से सम्पर्क कर, द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को मेल करके , पीड़ित का पैसा होल्ड कराकर, पीड़ित की फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है।

# शार्ट न्यूज

## सहकारी चीनी मिल में हादसा, दो कर्मचारी घायल

**बॉयलर हाउस पर डंपर गिरने से मचा हड़कंप, अस्पताल में भर्ती**

**बीसलपुर।** किसान सहकारी चीनी मिल में गुरुवार को कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। बॉयलर हाउस पर काम कर रहे दो कर्मचारियों के ऊपर अचानक डंपर गिर जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से मिल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, ईट गांव निवासी लक्ष्मण प्रसाद पुत्र नंदराम और रसूल निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र चंद्रपाल बॉयलर हाउस में कार्य कर रहे थे। इस दौरान ऊपर से अचानक डंपर गिर पड़ा, जिससे दोनों कर्मचारी घायल हो गए।अन्य कर्मचारियों ने तुरंत उन्हें नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।मिल प्रशासन ने हादसे की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी है और सुरक्षा मानकों की जांच के निर्देश जारी किए गए हैं।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत



बीसलपुर। बरेली मार्ग पर गुरुवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बिलसंडा के मोहल्ला नई टंकी निवासी प्रभात कुमार (पुत्र धर्मेंद्र कुमार गुप्ता) जो बरेली में एमआर का कार्य करते थे, रोज की तरह स्कूटी से बरेली जा रहे थे।जैसे ही वह मडरा सुमन गांव के निकट पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से प्रभात सड़क पर गिर पड़े और ट्रक के नीचे आ गए। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल प्रभात को सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे तो कोहराम मच गया। मां प्रीति देवी, पिता धर्मेंद्र कुमार और छोटे भाई का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

ललितपुर। बार छेड़खानी के आरोप में वांछित चल रहे आरोपी को बार पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस द्वारा थाना बार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 320/2025 धारा 75/78/352//351(3) बीएनएस व 7/8 पास्को एक्ट व 3(2)5a sc/st act में वांछित अभियुक्त विक्रम पुत्र सूरज राजपूत उम्र करीब 21 वर्ष नि0 ग्राम मथुराडांग थाना बार जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है । वादिया मुकदमा द्वारा उसकी बेटी के साथ अभियुक्त द्वारा छेड़खानी के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना बार पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त विक्रम उपरोक्त को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया है ।गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष अजमेर सिंह, मय टीम आदि शामिल रहे।

## स्कूल से लौट रही बच्ची को तेंदुए ने मार डाला

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी में 9 साल की बच्ची को तेंदुए ने मार डाला। बच्ची अपनी चाची के साथ स्कूल से घर लौट रही थी। तभी गन्ने की खेत से निकल कर तेंदुआ बच्ची का गला दबोचकर खेत में खींच ले गया। चाची ने शोर मचाया, तो आस-पास के लोग दौड़े और शोर मचाना शुरू किया। इस पर तेंदुआ बच्ची को छोड़कर भाग गया। लेकिन, तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तेंदुए की तलाश की जा रही है। घटना गुरुवार शाम 4 बजे उत्तर निघासन वन रेंज का है। 2 दिन पहले शारदानगर वन रेंज के पास तेंदुए ने 8 साल की बच्ची को शिकार बनाया था। रन नगर गांव में रंजीत सिंह का घर है। रंजीत की पत्नी की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। दो बेटियां थीं। छोटी बेटी प्रीत कौर गांव से 2 किमी दूर प्राथमिक विद्यालय में कक्षा- 4 में पढ़ती थी। स्कूल के पास के चौराहे पर उसकी चाची परमजीत कौर दवा लेने गई थी। दवा लेकर घर लौटते समय प्रीत चाची के साथ घर आने लगी। घर से 1 किमी पहले तेंदुए ने प्रीत पर हमला कर दिया। तेंदुआ उसका लगा दबोचकर भागने लगा।

## 334 टिन रिफाइंड तेल, 50 किलो मिलावटी खोया पकड़ा

**लखनऊ।** त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए स्नस्ष्ठ टीम ने लखनऊ के कई इलाकों में छापेमारी की। अमीनाबाद रोड स्थित मंगलम एग्रोटेक में टीम ने बावर्ची ब्रांड वनस्पति और रिफाइंड पामोलिन तेल के टिनों की जांच की। यहां 253 टिन वनस्पति और 81 टिन रिफाइंड पामोलिन तेल के कुल 334 टिन सीज किए गए, इनकी अनुमानित कीमत 664275 रुपए है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम ने मोहिबुल्लापुर में गोकुल एग्रो रिसोर्सेस लिमिटेड से महक ब्रांड पाम ऑयल की 392 टिन जब्त कीं। इसकी अनुमानित कीमत ?822920 है। साथ ही वाइट लाइफ रिफाइंड सोयाबीन ऑयल की 1268 बोतलें भी सीज की गईं, जिनकी कीमत करीब 76,080 है। टीम ने कुल 25 लाख रुपए से अधिक का माल सीज किया, जबकि सड़े या खराब मिले 4 लाख रुपए से ज्यादा के खाद्य पदार्थ मौके पर नष्ट करा दिया गए। फैजाबाद रोड स्थित श्री राम स्वरूप कोल्ड स्टोरेज एंड एलाइड इंडस्ट्रीज में बड़ी मात्रा में खराब खाद्य पदार्थ मिले।

## गोरखपुर में रन फॉर एंपावरमेंट का आयोजन

**गोरखपुर।** गोरखपुर के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज-5.0 के विशेष अभियान के तहत रन फॉर एंपावरमेंट मैराथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक नगर ने हरी झंडी दिखाकर की। इस दौरान प्रतिभागियों को महिलाओं और बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनों के बारे में जानकारी दी गई, जैसे ङ्क घरेलू हिंसा से संरक्षण कानून, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण कानून, अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम और बाल श्रम कानून आदि। साथ ही प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया, जिनमें शामिल हैं - वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 आदि।

## आजमगढ़ में पति को 10 वर्ष की सजा

**आजमगढ़।** आजमगढ में दहेज हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने आरोपी पति को दोषी करार दिया है। उसे 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 11 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 1 अजय कुमार शाही ने गुरुवार को सुनाया। महिला की हत्या 10 साल पहले हुई थी। अभियोजन के मुताबिक अनुसार मोतीलाल निवासी महुआरी थाना तरवा की पुत्री सुधा का विवाह अंगद राजभर निवासी सलेमपुर थाना देवगांव के साथ वर्ष 2013 में हुई थी। शादी के बाद पति अंगद दहेज की मांग को लेकर सुधा को मारता पीटता था। जब सुधा ने अपने पिता मोतीलाल ने अंगद को समझाने का प्रयास किया। तब अंगद ने मोतीलाल से चार पहिया वाहन व एक लाख रुपए नकद की मांग की। मोतीलाल को 7 सितंबर 2015 को फोन पर सूचना मिली कि ससुराल में सुधा को जला दिया गया है। बुरी तरह से जली हुई स्थिति में सुधा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। 13 सितंबर 2015 को सुधा की मौत हो गई। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद आरोपी पति के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में पेश किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बलूच विद्रोहियों ने फिर बनाया जाफर एक्सप्रेस को निशाना, विस्फोट के बाद कई डिब्बे पटरी से उतरे

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में बलूच विद्रोहियों ने एक बार फिर जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया है। बलूचिस्तान रिपब्लिकन गार्ड्स ने मंगलवार को दावा किया कि उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया और आईईडी विस्फोट कर ट्रेन के कई डिब्बों को पटरी से उतार दिया। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हमला सुल्तान कोट इलाके में किया गया, जो शिकारपुर और जैकबाबाद इलाके के बीच में स्थित है। ब्रग्न ने ऐलान किया है कि बलूचिस्तान की आजादी तक ऐसे हमले जारी रहेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित आईईडी विस्फोट किया गया। विस्फोट इतना ताकतवर था कि उसके असर से ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन के पटरी से उतरने से चार यात्री घायल हुए हैं। वहीं बलूच विद्रोहियों का दावा है कि हमले में कई पाकिस्तानी सैनिक यात्रा कर रहे थे और उन्हें निशाना बनाकर हमला किया गया था। इस हमले में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं और कई अन्य घायल हैं। बलूच विद्रोहियों ने दावा किया कि हमले में ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। पाकिस्तान की ट्रेन जाफर एक्सप्रेस को बलूच विद्रोही पहले भी कई बार निशाना बना चुके हैं। दरअसल इस ट्रेन से अक्सर पाकिस्तानी सैनिक पाकिस्तानी पंजाब से बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा आते-जाते हैं। यही वजह है कि बलूच विद्रोही संगठनों के निशाने पर अक्सर ये ट्रेन रहती है। इस साल मार्च में जाफर एक्सप्रेस को बलूच विद्रोहियों ने हाइजैक कर लिया था, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई, मरने वालों में कई पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी भी शामिल थे। सुरक्षा बलों ने एक अभियान चलाकर ट्रेन पर हमला करने वाले 33 आतंकवादियों को मार गिराया और 354 बंधकों को बचाया गया। दो हफ्ते पहले भी बलूचिस्तान के मस्तुंग के दश्त इलाके में रेलवे ट्रैक पर हुए विस्फोट में जाफर एक्सप्रेस का एक कोच नष्ट हो गया और छह अन्य पटरी से उतर गए, जिसमें 12 यात्री घायल हो गए थे। साल 2023 में भी जाफर एक्सप्रेस पर हमला किया गया था। इसी तरह साल 2016 में भी बलूच विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस पर हमला किया था। उस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी और 19 लोग घायल हो गए थे।

### सत्ता परिवर्तन के बाद एक्शन जारी, केपी ओली और पूर्व गृह मंत्री की मुश्किल बढ़ी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में युवाओं के भारी आक्रोश बाद सत्ता छोड़ने को मजबूर हुए पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उनके खिलाफ एक के बाद कई मामले दर्ज किए जा चुके हैं। ऐसे में अब मंगलवार (07 अक्तूबर) को अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन गृह मंत्री रमेश लेखक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। साथ ही जेन-जेड प्रदर्शनों के दौरान हुई मौतों के लिए उनकी आपराधिक जवाबदेही की मांग की है। पिछले महीने नेपाल में ओली सरकार के विरोध के युवाओं ने जनरेशन-जेड प्रोटेस्ट किया था। इस प्रदर्शन में कई लोगों की जान गई थी। ऐसे में अब काठमांडू जिला पुलिस मंडल प्रवक्ता,पुलिस अधीक्षक पवन भट्टाराई ने पुष्टि करते हुए बताया है कि यूएमएल अध्यक्ष ओली और नेपाली कांग्रेस नेता लेखक के खिलाफ काठमांडू जिला पुलिस कार्यालय, भद्रकाली में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि क्योंकि मामले की जांच के लिए एक जांच आयोग का गठन पहले ही किया जा चुका है, इसलिए पुलिस ने एफआईआर को न्यायमूर्ति गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता वाले उच्च-स्तरीय न्यायिक जांच आयोग को भेज दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश त्रिपाठी ने कहा, जनरेशन-जेड के युवाओं की ओर से पुलिस में दर्ज कराई गई प्राथमिकी उनकी (ओली और लेखक की) आपराधिक जवाबदेही स्थापित करेगी और 8 व 9 सितंबर को हुए अपराध की जांच का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### बर्फीले तूफान में माउंट एवरेस्ट पर फंसे सैकड़ों पर्वतारोहियों को बचाया गया

**बीजिंग , एजेंसी।** माउंट एवरेस्ट के चीनी हिस्से में बीते दिनों आए एक बर्फीले तूफान में फंसे लगभग 900 पर्वतारोहियों, गाइड और अन्य कर्मचारियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। चीन के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। शनिवार रात इस क्षेत्र में एक भयंकर तूफान आया, जिससे माउंट एवरेस्ट पर करीब 4,900 मीटर की ऊंचाई पर तंबुओं में ठहरे पर्वतारोही फंस गए। तूफान के चलते कुल मिलाकर, 580 पैदल यात्री और 300 से ज्यादा गाइड, याक चरवाहे और अन्य कर्मचारी फंसे हुए थे। स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया गया कि लगभग 350 पर्वतारोहियों को सोमवार दोपहर और बाकी को मंगलवार तक सुरक्षित बचा लिया गया। कुछ लोग को कथित तौर पर हाइपोथर्मिया की परेशानी हुई है। हालात को देखते हुए माउंट एवरेस्ट पर फिलहाल पर्यटन को बंद कर दिया गया है।

# मुनीर को सीधी चुनौती? भारत में शांति का पैगाम लेकर आना चाहते हैं पाक के मौलाना फजलुर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की प्रमुख धार्मिक व राजनीतिक पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) के सरगना मौलाना फजलुर रहमान भारत की यात्रा पर आने की इच्छा जता रहे हैं। उनका उद्देश्य भारत को शांति का पैगाम पहुंचाना है। यह खुलासा पार्टी के करीबी सहयोगी और सांसद कमरान मुरतजा ने पाकिस्तानी चैनल आज न्यूज को दिए एक इंटव्यू में किया। पाकिस्तानी सांसद कमरान मुरतजा ने बताया कि मौलाना फजलुर रहमान ने हाल ही में एक भारतीय राजनयिक को व्यक्तिगत रूप से शांति का संदेश सौंपा था। उन्होंने कहा, मौलाना साहब भारत जाना चाहते हैं ताकि दोनों देशों के बीच शांति की अपील की जा सके। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का एक कदम होगी। मुरतजा ने यह भी कहा कि मौलाना रहमान ने 2002 और 2003 में भी भारत का दौरा किया था, जब दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण थे। उस समय उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से मुलाकात की थी और शांति प्रक्रिया का समर्थन किया था। बता दें कि मौलाना फजलुर रहमान प्रमुख इस्लामी विद्वान और पाकिस्तान की संसद में विपक्ष के पूर्व नेता हैं।

**आंतरिक दरारों के बीच नई पहल** न्यूज18 ने शीर्ष खुफिया सूत्रों के हवाले से लिखा है कि यह कदम ऐसे समय में उठाया गया जब पाकिस्तान की राजनीतिक और सैन्य व्यवस्था में आंतरिक दरारें गहराती जा रही हैं- खासकर पंजाबी और पश्तून वर्गों के बीच तनाव बढ़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि मौलाना का यह शांति संदेश खुद को एक क्षेत्रीय शांति दूत के रूप में पेश करने की कोशिश है, वो भी ऐसे समय में जब भारत-पाक रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हैं।

**पश्तून असंतोष की आवाज :** डेरा इस्माइल खान के रहने वाले मौलाना फजलुर रहमान पश्तून समुदाय से आते हैं और उन्होंने हाल के महीनों में खुद को पश्तून असंतोष की राजनीतिक आवाज के रूप में पेश किया है। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि यह घटनाक्रम पाकिस्तान के भीतर बढ़ती जातीय असंतुष्टि से गहराई से जुड़ा है। कई पश्तून मूल के राजनेता और सेना अधिकारी जनरल असीम मुनीर के नेतृत्व में खुद को हाशिये पर धकेले जाने से असंतुष्ट बताए जा रहे हैं।

**सेना में बढ़ता मतभेद :** पाकिस्तान की सत्ता संरचना में एक शांत लेकिन गहरी दरार उभर रही है। पंजाबी प्रभुत्व वाले सेना नेतृत्व और उपेक्षित पश्तून गुटों के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। पाकिस्तान आर्मी और आईएसआई के कुछ मध्य-स्तरीय व सेवानिवृत्त पश्तून अधिकारी मौलाना के अमन नैरेटिव को समर्थन दे रहे हैं। वे इसे जनरल मुनीर के बढ़ते प्रभाव के संतुलन के रूप में देखते हैं। मौलाना की भारत यात्रा की इच्छा कई उद्देश्यों को साधने की कोशिश हो सकती है। एक ओर यह नई दिल्ली की प्रतिक्रिया परखने का माध्यम हो सकती है, तो दूसरी ओर यह इस्लामाबाद में मौजूदा सत्ता समीकरणों को चुनौती देने का प्रतीक भी होगी। मौलाना की पहल को सेना की कठोर नीति के विपरीत जनकेंद्रित और नरम दृष्टिकोण के रूप में देखा जा रहा है। सीनेटर कमरान मुर्तजा ने बताया कि मौलाना पहले भी भारत आ चुके हैं- 2002 और 2003 में, जब दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण थे। उन दौरों के दौरान उन्होंने बाल ठाकरे समेत एनडीए सरकार के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी, और संवाद की दिशा में पहल की थी। खुफिया सूत्रों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान से जुड़े कई अधिकारी भारत के प्रति बढ़ते आक्रामक रुख का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि बढ़ती दुश्मनी सीमा इलाकों में अस्थिरता और गरीबी को और गहरा कर रही है।

### इक्वाडोर के राष्ट्रपति पर जानलेवा हमला, काफिले पर चलाई गईं गोलियां; बाल-बाल बचे

**क्वीटो, एजेंसी।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ पर जानलेवा हमला हुआ है। दरअसल करीब 500 प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति नोबोआ के काफिले पर हमला किया और पत्थर मारे। गनीमत रही कि इस हमले में राष्ट्रपति नोबोआ को चोट नहीं पहुंची और वे सुरक्षित हैं। इक्वाडोर सरकार के मंत्री इनेस मानजानो ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि राष्ट्रपति पर हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जानलेवा हमले की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि कार पर गोलियां चलने का पता चला है। फिलहाल पुलिस ने पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से बताया गया है कि सभी आरोपियों के खिलाफ आतंकवाद और जान लेने की साजिश रचने के आरोप लगेंगे। राष्ट्रपति नोबोआ पर हमला राष्ट्रीय मूल नागरिक संघ के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ। यह संघ बीते दो हफ्ते से विरोध प्रदर्शन कर रहा है। प्रदर्शनकारी सरकार के उस फैसले का विरोध कर रहे हैं, जिसमें डीजल सब्सिडी को सरकार ने घटाकर कम कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से छोटे किसान और मूल नागरिक समाज के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। संघ के एक विरोध प्रदर्शन के दौरान ही राष्ट्रपति नोबोआ के काफिले पर हमला हुआ।

### चीन के 20 जे-10सीई लड़ाकू विमान खरीदने की योजना बना रहा बांग्लादेश, 2.2 अरब डॉलर का करेगा सौदा



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने 2.2 अरब डॉलर के सौदे में 20 चीनी जे-10सीई लड़ाकू विमानों को खरीदने की योजना बनाई है। यह सौदा प्रशिक्षण, रखरखाव और अन्य संबंधित खर्चों को भी कवर करेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में सरकारी दस्तावेजों के हवाले से कहा गया, बांग्लादेश 2026 और 2027 के दौरान इन लड़ाकू विमानों को प्राप्त करेगा, ताकि वायुसेना को आधुनिक बनाया जा सके और देश की वायु रक्षा को मजबूत किया जा सके। हालांकि, इस सौदे की अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि भुगतान दस वित्तीय वर्षों में (यानी 2036 तक) किया जाएगा। जब रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो वित्त सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद ने कहा, मैं इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। उन्होंने कहा, क्या सिर्फ इसलिए कि मुझे कुछ पता है, मुझे सब कुछ बताना जरूरी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जे-10सीई चीन के जे-10सी का निर्यात संस्करण है, जो पहले ही चीनी वायुसेना में सेवा में है। पाकिस्तान ने मई में भारत के साथ चार दिन के सैन्य संघर्ष के दौरान चीनी जे-10सी विमानों का उपयोग किया था। रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के कार्यालय ने प्रत्येक विमान की कीमत 60 मिलियन डॉलर और पूरे बेड़े की कीमत 1.2 अरब डॉलर आंकी है, जबकि प्रशिक्षण, उपकरण और ढुलाई पर 820 मिलियन डॉलर खर्च होंगे। बीमा, वैट, एजेंसी कमीशन, नागरिक कार्यों और अन्य खर्चों को जोड़ने पर कुल लागत 2.20 अरब डॉलर हो जाती है। मार्च में अंतरिम सरकार के प्रमुख के कार्यालय ने कहा था कि यूनुस ने चीन की अपनी यात्रा के दौरान लड़ाकू विमानों की खरीद पर चर्चा की थी, जिस पर चीन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। रक्षा विश्लेषक मेजर जनरल एएनएम मुनिरुज्जमान ने कहा कि वायुसेना लंबे समय से नए लड़ाकू विमानों को खरीदने की योजना बना रही है। लेकिन यह मामला अभी मूल्यांकन के चरण में है। उन्होंने कहा, आज दुनिया में एक नया भू-राजनीतिक विभाजन है, इसलिए किसी भी देश से विमान खरीदने से पहले भू-राजनीतिक प्रभाव का विश्लेषण करना जरूरी है।

## बांग्लादेश में हिल्सा मछली को बचाने जंगी जहाज तैनात : हेलिकॉप्टर से निगरानी भी हो रही

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिल्सा मछली को अवैध रूप से पकड़ने से बचाने के लिए सेना की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी स्नक्र की रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए 17 वॉर शिप और गश्ती हेलिकॉप्टर तैनात किए गए हैं। ये जहाज और गश्ती विमान घरेलू और विदेशी मछुआरों को गहरे समुद्र में घुसपैठ से रोकने के लिए 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। बांग्लादेशी अधिकारियों ने कहा है कि 4 से 25 अक्टूबर तक हिल्सा मछली के प्रजनन वाले इलाके में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**2200 रुपए प्रति किलो पर बिकती हिल्सा मछली :** हिल्सा को बांग्लादेश में इलिश मछली भी कहा जाता है। यह बांग्लादेश की राष्ट्रीय मछली है और इसे वहां पर 'मां' का दर्जा दिया गया है। हिल्सा प्रजनन के लिए हर साल अंडे देने के लिए समुद्र (गर्म पानी) से नदियों (ठंडे पानी) की ओर लौटती है। हिल्सा मछली पर लाखों लोग निर्भर हैं। ढाका में फिलहाल इसकी कीमत 2800 से 3000 टका (2050 से 2200 रुपए) प्रति किलोग्राम है। भारत के पश्चिम बंगाल में भी यह मछली बहुत पसंद की जाती है और महंगी कीमत पर बिकती है। भारतीय मछुआरे गंगा नदी और उसके डेल्टा के खारे पानी में मछली पकड़ते हैं, जिससे कोलकाता और पश्चिम बंगाल की जरूरतें पूरी होती हैं। लेकिन ज्यादा मछली पकड़ने से हिल्सा के प्रजनन के समय मछली का स्टॉक कम हो सकता है।

**एक्सपर्ट बोले- हिल्सा को प्रजनन के लिए शांत पानी की जरूरत :** पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और समुद्र के जलस्तर का बढ़ना हिल्सा मछली के स्टॉक पर असर डाल रहा है। इसके साथ ही यह डर भी है कि नौसेना के जहाज हिल्सा के प्रजनन के दौरान शांत पानी में बाधा डाल सकते हैं। वर्ल्ड फिश की परियोजना के पूर्व प्रमुख मोहम्मद अब्दुल वहाब ने कहा कि हिल्सा को प्रजनन के लिए शांत और निर्बाध पानी चाहिए और इसके लिए ड्रोन का इस्तेमाल बेहतर होगा। बांग्लादेश सरकार ने प्रजनन अवधि में मछुआरों की मदद के लिए हर मछुआरे परिवार को 25 किलोग्राम चावल दिया है, लेकिन कुछ लोगों का कहना है कि यह पर्याप्त नहीं है।

## कैलिफोर्निया में दिवाली बनी सरकारी छुट्टी, गवर्नर गेविन न्यूसम ने रचा इतिहास

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में अब दिवाली आधिकारिक तौर पर राज्य की छुट्टियों की सूची में शामिल हो गई है। मंगलवार को कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने असेंबली बिल 268 पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप दे दिया। इस कानून के तहत अब कैलिफोर्निया के सरकारी कर्मचारी, कम्युनिटी कॉलेज, और सरकारी स्कूल दिवाली पर छुट्टी ले सकेंगे। इसके साथ ही, स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को दिवाली के अर्थ और महत्व पर कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति भी दी गई है।



**क्या है बिल एबी 268 :** इस बिल में कहा गया है कि राज्य के कर्मचारी दिवाली के दिन वेतन सहित अवकाश ले सकते हैं। स्कूल और कॉलेज दिवाली के दिन बंद रह सकते हैं। शैक्षणिक संस्थान दिवाली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं। भारतीय समुदाय में खुशी की लहर इस फैसले से कैलिफोर्निया में रह रहे करीब 10 लाख दक्षिण एशियाई मूल के लोगों, खासतौर पर भारतीय और भारतीय-अमेरिकी समुदाय में, खुशी की लहर दौड़ गई है। अजय भूटोरिया, जो पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के पूर्व सलाहकार रहे हैं और सिलिकॉन वैली के प्रसिद्ध उद्यमी और समाजसेवी हैं, ने इस फैसले की सराहना की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, धन्यवाद गवर्नर गेविन न्यूसम, जिन्होंने दिवाली को कैलिफोर्निया की राज्य छुट्टी बनाया। असेंबली मेंबर आश कालरा और दर्शन पटेल का भी आभार जिन्होंने इस बिल को मंजिल तक पहुंचाया, यह रोशनी, एकता और विविधता का उत्सव है।


**नवाचार - संस्कृति को नई ऊंचाइयां :** अजय भूटोरिया ने आगे कहा, आज कैलिफोर्निया की समावेशिता की यात्रा में एक उवल मील का पत्थर जुड़ा है। दिवाली आशा पर निराशा की, एकता पर विभाजन की, और ज्ञान पर अज्ञान की जीत का प्रतीक है, यह संदेश यहां रहने वाले हर दक्षिण एशियाई के दिल में गूंजता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय सिर्फ एक अवकाश नहीं, बल्कि भारतीय प्रवासियों के योगदान और उनकी विरासत का सम्मान है। सिलिकॉन वैली के टेक विशेषज्ञों से लेकर दक्षिण कैलिफोर्निया के स्वास्थ्यकर्मियों तक, भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने राज्य की अर्थव्यवस्था, नवाचार और संस्कृति को नई ऊंचाइयां दी हैं।

**शुभ दीपावली - प्रगति के दीप जलते रहें :** उन्होंने कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा, जैसे हम 20 अक्तूबर को दिवाली मनाने की तैयारी कर रहे हैं, यह कदम हमें गर्व, अपनापन और सामूहिक सौहार्द की नई रोशनी देगा।

## बाइडन ने उपराष्ट्रपति रहते छिपाई थीं यूक्रेन में भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें, सीआईए की फाइलों से हुआ खुलासा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी के पुराने रिकॉर्ड से एक बड़ा खुलासा हुआ है। इन फाइलों के मुताबिक, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और उस समय के उपराष्ट्रपति जो बाइडन ने दिसंबर 2015 में यूक्रेन यात्रा के दौरान भ्रष्टाचार पर जो भाषण दिया था, उसके पीछे एक बड़ी कहानी छिपाई गई थी। यूक्रेन के अधिकारियों ने उस समय अमेरिकी रुख को दोहरा मापदंड बताया था, लेकिन यह नाराजगी अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट से हटा दी गई थी। यह जानकारी हाल ही में उजागर की गई सीआईए की फाइलों से सामने आई है। दिसंबर 2015 में जो बाइडन ने यूक्रेन की राजधानी कीव का दौरा किया था, वहां उन्होंने यूक्रेनी संसद में भाषण देकर कहा था कि भ्रष्टाचार कैंसर की तरह है और इसे जड़ से खत्म करना होगा। इस भाषण के बाद यूक्रेनी अधिकारी नाराज थे। उनका कहना था कि अमेरिका खुद भ्रष्टाचार पर दोहरी नीति अपना रहा है, क्योंकि उस समय बाइडन के बेटे हंटर बाइडन यूक्रेन की ऊर्जा कंपनी बुरिज्मा होल्डिंग्स में काम कर रहे थे और हर साल लगभग 1 मिलियन डॉलर का मेहनताना ले रहे थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने निजी तौर पर कहा था कि जब अमेरिका ही इस तरह के पारिवारिक संबंधों को नजरअंदाज कर रहा है, तो उसे दूसरों को भ्रष्टाचार पर भाषण देने का कोई हक नहीं बनता। सीआईए की उजागर की गई फाइलों के अनुसार, यूक्रेन की इस नाराजगी की रिपोर्ट तैयार तो हुई थी, लेकिन इसे तत्कालीन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कॉलिन काह्ल के अनुरोध पर राष्ट्रपति के दैनिक खुफिया ब्रीफ (पीडीबी) में शामिल नहीं किया गया। सीआईए के एक अधिकारी की तरफ से 10 फरवरी 2016 को भेजे गए ईमेल में साफ लिखा गया- काह्ल चाहते हैं कि यह रिपोर्ट प्रसारित न की जाए। यह ईमेल उस समय राष्ट्रपति बराक ओबामा को रोजाना ब्रीफ देने वाले अधिकारी माइकल डेम्पसी ने भेजा था। डेम्पसी सीधे खुफिया प्रमुख जेम्स क्लैपर को रिपोर्ट करते थे। बता दें कि क्लैपर पर पहले से ही रूसगेट स्कैंडल में भूमिका को लेकर जांच के दायरे में हैं। राष्ट्रपति की दैनिक खुफिया रिपोर्ट में दुनिया भर की अहम राजनीतिक और सुरक्षा जानकारियां दी जाती हैं ताकि अमेरिकी राष्ट्रपति समय रहते किसी भी संकट से निपटने की तैयारी कर सकें। यूक्रेन की इस नाराजगी को रिपोर्ट से हटा देना यह दिखाता है कि अमेरिकी प्रशासन ने उस समय बाइडन परिवार से जुड़े विवाद को छुपाने की कोशिश की थी। इसके अलावा, इसी दौरान अमेरिकी मीडिया में भी हंटर बाइडन के यूक्रेन से जुड़े वित्तीय लेनदेन पर सवाल उठ रहे थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने इस अमेरिकी मीडिया कवरेज को दोहरा रवैया कहा था। इन पुरानी फाइलों को हाल ही में सीआईए के आंतरिक समीक्षा अभियान के दौरान खोजा गया। यह जांच अभियान जॉन रैटक्लिफ के निर्देश पर हुआ, जो उस समय सीआईए निदेशक थे।

### रूस की तरफ से जंग लड़ रहे भारतीय-छात्र का सरेंडर:यूक्रेन ने वीडियो जारी किया; जेल से बचने के लिए सेना में शामिल हुआ था



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेनी मीडिया ने मंगलवार को दावा किया कि उनकी सेना ने एक भारतीय युवक को पकड़ा है, जो रूस की तरफ से यूक्रेन में युद्ध लड़ रहा था। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि यूक्रेनी सेना द्वारा पकड़ा गया युवक 22 साल का मजोती साहिल मोहम्मद है, जो गुजरात के मोरबी का निवासी बताया जा रहा है। अभी भारत सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है और फिलहाल यूक्रेनी दावे की पुष्टि के लिए जांच की जा रही है।

**पढाई के लिए रूस गया था मजोती साहिल मोहम्मद :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कीव स्थित भारतीय दूतावास को भी अभी तक यूक्रेन की तरफ से कोई आधिकारिक संचार नहीं मिला है। यूक्रेनी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय युवक मजोती साहिल मोहम्मद पढ़ाई के लिए रूस गया था, लेकिन ड्रग्स संबंधी एक मामले में दोषी पाए जाने के बाद उसे रूस में सात साल जेल की सजा सुनाई गई थी। यूक्रेनी सेना की 63वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड ने मजोती साहिल मोहम्मद की वीडियो रिकॉर्ड कर जारी की है, उसमें साहिल ने बताया कि उसे रूसी अधिकारियों की तरफ से एक ऑफर दिया गया, जिसमें कहा गया कि अगर वह एक कॉन्ट्रैक्ट साइन करके रूसी सेना में सेवाएं दे तो उसकी सजा माफ हो सकती है। साहिल रूसी सेना में शामिल हो गया, लेकिन जल्द ही उसने यूक्रेनी सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। यूक्रेनी मीडिया के अनुसार, साहिल का कहना है कि वह लड़ाई नहीं लड़ना चाहता और उसे मदद चाहिए। उसने रूस वापस जाने से भी इनकार कर दिया। उसने कहा है कि या तो वह यूक्रेन में रहना चाहता है या फिर भारत वापस लौटना चाहता है। साहिल ने बताया कि उसे रूस की तरफ से सेना में सेवाएं देने के बदले 1200 से 18000 अमेरिकी डॉलर की सैलरी देने की बात भी कही गई थी, लेकिन उसे कभी कोई पैसा नहीं मिला।

माजोती ने कहा कि वह रूस वापस नहीं जाना चाहता। उसने यह भी बताया कि उसे सेना में शामिल होने का पैसा देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे कुछ नहीं मिला। यूक्रेन ने कई विदेशी सैनिकों को रूस के लिए लड़ते पकड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने भारत जैसे देशों के लोगों को नौकरी या पढ़ाई का लालच देकर सेना में भर्ती किया। भारत सरकार ने पिछले महीने रूस से मांग की थी कि वो अपनी सेना में भारतीयों को भर्ती बंद कर दे। साथ ही यह भी कहा था कि पहले से सेना में शामिल हुए भारतीय नागरिकों को भी छोड़ दिया जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जनता को सलाह दी थी कि वे रूस की सेना में भर्ती होने के किसी भी प्रस्ताव पर ध्यान ना दें क्योंकि इसमें खतरा है।

## ट्रंप के गुणगान करते नजर आए कनाडा के पीएम कार्नी, भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने का दिया श्रेय

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफ करते हुए उन्हें भारत और पाकिस्तान समेत कई देशों के बीच शांति स्थापित करने का क्रेडिट दिया। व्हाइट हाउस में हुई बातचीत के दौरान कार्नी ने कहा, आप एक परिवर्तनकारी और खास राष्ट्रपति हैं। आपने अर्थव्यवस्था में बदलाव किया, नाटो देशों से रक्षा खर्च बढ़वाया और भारत-पाकिस्तान से लेकर अजरबैजान-आर्मेनिया तक शांति बहाल की। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी इस साल दूसरी बार अमेरिका दौरे पर पहुंचे हैं। पीएम कार्नी के साथ कनाडा के व्यापार मंत्री डोमिनिक ले ब्लैंक, विदेश मंत्री अनीता आनंद और उद्योग मंत्री मेलानी जोली भी अमेरिका पहुंची हैं।

**ट्रम्प बोले- कनाडा-स का विलय हो सकता है :** ओवल ऑफिस में कार्नी के साथ प्रेस से बात करते हुए ट्रम्प ने मजाक में कहा कि कनाडा और अमेरिका मर्ज हो सकते हैं। कार्नी ने इस मजाक को टाल दिया और कहा कि वह ट्रम्प की गाजा-इजराइल शांति योजना का समर्थन करते हैं और कनाडा इस में मदद करेगा। कार्नी ने ट्रम्प को शुक्रिया कहा और उन्हें स्पेशल राष्ट्रपति बताया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने ईरान को कमजोर किया।

**भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने का 50 से ज्यादा बार दावा कर चुके :** इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को एक भाषण में दावा किया कि उनके टैरिफ की ताकत ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका। उन्होंने कहा था, अगर मेरे पास टैरिफ की ताकत नहीं होती, तो सात में से चार युद्ध चल रहे होते। भारत और पाकिस्तान में तनाव था, सात विमान मार गिराए गए थे। मेरी बात बहुत प्रभावी थी। ट्रम्प ने मई से अब तक करीब 50 बार दावा किया है कि उनकी मध्यस्थता से भारत-पाक में शांति हुई। हालांकि, भारत ने



तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की बात को खारिज किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों के बीच सीधी बातचीत से 10 मई को युद्धविराम हुआ।

**ट्रम्प बोले- कार्नी ने मुझे काफी फेमस कर दिया :** ट्रम्प ने कार्नी की तारीफ की और मजाक में कहा कि कनाडाई पीएम ने उन्हें काफी मशहूर कर दिया। उन्होंने कहा कि हम दोनों का रिश्ता शुरू से अच्छा है, लेकिन कुछ छोटी-मोटी असहमतियां हैं, जिन्हें सुलझा लेंगे। ट्रम्प ने बताया कि आज की बातचीत में टैरिफ पर भी चर्चा होगी, लेकिन यह नहीं बताया कि कनाडा पर लगा टैरिफ हटाएगा या नहीं। ट्रम्प ने गाजा युद्ध का जिक्र किया और कहा कि वहां शांति हो सकती है। उनकी टीम वहां काम कर रही है और दुनिया के कई देश उनकी शांति योजना के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कुछ बड़ा हो सकता है, लेकिन तब तक अमेरिका और कनाडा कुछ व्यापारिक समझौते करेंगे।

**शटडाउन पर कहा- अपने कर्मचारियों का ख्याल रखेंगे :** अमेरिकी में जारी शटडाउन पर सवाल पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि वे अपने कर्मचारियों का ख्याल रखेंगे, लेकिन कुछ लोग जो सही नहीं हैं, उनके लिए अलग व्यवस्था होगी। ट्रम्प ने कनाडा के साथ व्यापार को मुश्किल बताया, क्योंकि दोनों देशों के बीच कुछ असहमतियां हैं। फिर भी, उन्होंने कहा कि वे कनाडा और उसके लोगों से प्यार करते हैं। ट्रम्प ने कहा कि दोनों देशों का रिश्ता काफी बेहतर हुआ है और वे इन असहमतियों को सुलझा लेंगे। स्टील टैरिफ पर उन्होंने कहा कि वह अपना स्टील खुद बनाना चाहते हैं, लेकिन कनाडा को भी फायदा पहुंचाना चाहते हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पहला टेस्ट तीन दिनों के अंदर ही आसानी से जीत लिया था। ऐसे में उसे सीरीज में 1-0 की बढ़त मिली हुई है। भारतीय टीम पहले टेस्ट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही वेस्टइंडीज पर हावी रही थी। ऐसे में वह इस मैच में भी जीत हासिल कर सीरीज का समापन 2-0 से करना चाहेगी। भारतीय टीम के इस मैच में भी बिना किसी बदलाव के उतरने की संभावना है। इस मैच में बल्लेबाज साई सुदर्शन के अलावा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के पास भी अपनी क्षमता दिखाने का अवसर है। सुदर्शन पहले मैच में असफल रहे थे। ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना रहेगा।

वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी और गेंदबाजी काफी कमजोर है। जिससे वह इस मैच में भी भारतीय टीम का शायद ही सामना कर पाये। टीम की बल्लेबाज और गेंदबाजी पहले टेस्ट में प्रभावहीन नजर आई जिससे उसे पारी की हार का सामना करना पड़ा था। वेस्टइंडीज के अधिकतर खिलाड़ी विदेशी टी20 लीग खेलते हैं जिससे उनकी टेस्ट टीम लगातार कमजोर होती गयी है। लंबे प्रारुप में उसके पास अधिकतर ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें किसी भी प्रकार का अनुभव नहीं है।

पहले टेस्ट मैच में वह किसी भी समय भारतीय टीम को टक्कर नहीं दे पायी। भारतीय टीम को इस सीरीज जीतने का एकमात्र लाभ विश्व टेस्ट चैम्पियनशीप्स अंक तालिका में मिलेगा। इसके अलावा उसे इस साल के अंत में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले अपने खिलाड़ियों को आजमाने का अवसर भी मिला है।

जिस प्रकार से भारत ने पहले टेस्ट में खेला है उससे इस मैच में भी मुकाबला समय से पहले समाप्त हो सकता है। जहां की पिच से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। । भारतीय टीम जहां खेल के हर विभाग में मजबूत नजर आती है वहीं वेस्टइंडीज का प्रत्येक विभाग कमजोर नजर आता है। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि उनकी टीम की टेस्ट क्रिकेट में यह गिरावट गंभीर है जिसका इलाज फिलहाल असंभव लगता है।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत =** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, बी साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, अक्षर पटेल, नारायण जगदीसन (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल।

**वेस्टइंडीज =** रोस्टन चेज (कप्तान), तेगनारायण चंद्रपॉल, जॉन कैम्पबेल, एलिक अथानाज़, ब्रैंडन किंग, जोहान लेन, जस्टिन ग्रीव्स, खारी पियरे, शाई होप, जेडन सील्स, जेमेल वारिकन, केवलन एंडरसन, जेडिया ब्लेड्स, टेविन इमलाच, एंडरसन फिलिप।

# स्मृति मंधाना ने 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, वनडे में एक कैलेंडर वर्ष में बनाए सर्वाधिक रन



**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना मौजूदा महिला विश्व कप में अपने तीसरे मैच में एक और बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहीं, लेकिन उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाकर 26 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

स्मृति ने गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों पर 23 रन बनाए, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल था। जब ऐसा लग रहा था कि वह एक बड़ा स्कोर बनाने के लिए तैयार हैं, तभी 29 वर्षीय भारतीय सलामी बल्लेबाज ने लॉन्ग-ऑन पर सुने लुस की गेंद पर आउट हो गईं। गुरुवार को बनाए गए 23 रनों के साथ मंधाना का इस साल का कुल स्कोर 17 पारियों में 973 रन हो गया, जो एक साल में महिला वनडे में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं।

मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1997 में 970 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट 2022 में 882 रन बनाकर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के लिए वनडे में अब तक का साल शानदार रहा है, हालांकि विश्व कप उनके लिए, अब तक उतना अच्छा नहीं रहा है। विश्व कप से पहले मंधाना ने 14 पारियों में 66.28 की औसत और 115.85 के स्ट्राइक रेट से 928 रन बनाए थे।

विश्व कप में उनका बल्ला ठंडा रहा है, तीन पारियों में 18.00 की औसत और 72.97 के स्ट्राइक रेट से केवल 54 रन ही बना पाई हैं। लेकिन उनके पास अभी भी एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनकर एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने का मौका है। 5 और लीग मैच खेलने के साथ, उनके पास इस मुकाम तक पहुंचने के पर्याप्त अवसर हैं।

# कर्नाटक ने रणजी टीम की घोषणा की, करुण नायर की वापसी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक क्रिकेट बोर्ड ने रणजी ट्रॉफी 2025 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें करुण नायर की वापसी हुई है। यह अनुभवी बल्लेबाज विदर्भ के साथ एक सफल सत्र के बाद अपनी घरेलू टीम में वापस आ गया है, जहां उन्होंने 53.93 की औसत से 863 रन बनाए थे।

मयंक अग्रवाल कप्तान बने रहेंगे और पिछले सीजन के मिश्रित प्रदर्शन को सुधारने के इरादे से टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें कर्नाटक 7 मैचों में से केवल दो में जीत हासिल कर पाया था और एलीट ग्रुप सी में चौथे स्थान पर रहा था। नायर की वापसी से कर्नाटक की बल्लेबाजी लाइनअप मजबूत हुई है, जिसमें पिछले सीजन के शीर्ष स्कोरर 516 रन बनाने वाले आर स्मरण भी शामिल हैं।

अनुभवी मनीष पांडे अनुपस्थित हैं, जो टीम में बदलाव का संकेत है। विकेट कीपिंग की जिम्मेदारी केएल श्रीजीत और ऋथिक कृष्णा संभालेंगे जबकि गेंदबाजी आक्रमण में वी कौशिक, विशक विजयकुमार, विदवथ कावेरप्पा और अभिलाष शेट्टी शामिल होंगे। कर्नाटक 15 अक्टूबर को राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ अपने रणजी ट्रॉफी 2025 अभियान की शुरुआत करेगा। प्रशंसक करीब से देख रहे हैं कि क्या टीम मजबूत शुरुआत कर सकती है और अपनी विजयी फॉर्म को फिर से हासिल कर सकती है।

### कर्नाटक रणजी ट्रॉफी 2025 टीम

मयंक अग्रवाल (कप्तान), करुण नायर, आर स्मरण, केएल श्रीजीत (विकेटकीपर), श्रेयस गोपाल, विशक विजयकुमार, विदवथ कावेरप्पा, अभिलाष शेट्टी, एम वेंकटेश, निकिन जोस, अभिनव मनोहर, ऋथिक कृष्णा (विकेटकीपर), केवी अनीश, मोहसिन खान, शिखर शेट्टी।

# रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास पर तोड़ी चुप्पी, '...टीम में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का उनका फैसला निजी था और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया था।

इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल ब्रिस्बेन में 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास की घोषणा कर दी। इससे वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। वह इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।



अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'किसी ने मुझसे नहीं कहा कि तुम्हें संन्यास ले लेना चाहिए। किसी ने मुझसे नहीं कहा कि टीम में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है। सच्चाई यह है कि संन्यास का फैसला करने से पहले दो-तीन लोगों ने मुझे ऐसा करने से इनकार किया था लेकिन मैंने अपना फैसला लिया। असल में, वे चाहते थे कि मैं और खेलूं।' उन्होंने कहा, 'रोहित शर्मा (तत्कालीन कप्तान) ने भी मुझे इस बारे में फिर से सोचने को कहा था। गौती भाई (गौतम गंभीर) ने भी मुझे दोबारा सोचने को कहा था। लेकिन मैंने इस बारे में (संन्यास के बारे में) अजीत अगरकर (चयन समिति के अध्यक्ष) से ज्यादा बात नहीं की।' अश्विन ने कहा, 'जब खेल से संन्यास लेने की बात आती है तो यह निजी फैसला होता है और मेरा फैसला भी निजी था।' उनके इस बयान से उन अटकलों पर विराम लग गया है कि टीम प्रबंधन ने उन्हें यह निर्णय लेने के लिए मजबूर किया था। रोहित शर्मा और विराट कोहली की सीनियर जोड़ी के बारे में बात करते हुए अश्विन ने कहा कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं को उनके साथ स्पष्ट संवाद करना चाहिए।

टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित और कोहली दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। लेकिन रोहित की जगह शुभमन गिल को वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। अश्विन ने कहा, 'विराट कोहली वनडे क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी हैं। जिस तरह से उन्होंने और रोहित ने 2023 विश्व कप में बल्लेबाजी की, उन्हें कुछ साबित करने की ज़रूरत नहीं है। मुझे उम्मीद है कि उनसे बातचीत हुई होगी। विराट और रोहित शर्मा के साथ जो भी चर्चा होनी थी, वह हो चुकी होगी। उनके साथ स्पष्ट संवाद होना चाहिए।'

अश्विन ने कहा कि रोहित और कोहली दोनों में अभी काफी क्रिकेट बाकी है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कोई भी चयनकर्ता या कोच यह कह पाएगा कि विराट और रोहित की सेवाओं की अब ज़रूरत नहीं है। उनके पास जो अनुभव है उसे आप कहीं से खरीद नहीं सकते हैं।'

## रोहित को अब स्वयं संन्यास ले लेना चाहिये : मनोज तिवारी

कोलकाता। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा है कि रोहित शर्मा को अब टेस्ट और टी20 की तरह ही एकदिवसीय प्रारुप से भी संन्यास की घोषणा कर देनी चाहिये। मनोज के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने जिस प्रकार से शुभमन गिल को एकदिवसीय टीम की कप्तानी दी है। उससे साफ संकेत है कि अब रोहित भविष्य की योजनाओं में शामिल नहीं है। इसलिए उन्हें संन्यास की घोषणा करने में देर नहीं करनी चाहिये। वहीं अगर वह अब भी एक खिलाड़ी के तौर पर खेलना चाहते हैं तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। साथ ही कहा कि अगर मैं उनकी जगह होता तो संन्यास लेने के बारे में सोचता। उनके जैसे खिलाड़ी की उपेक्षा नहीं होनी चाहिये। तिवारी ने कहा कि कप्तान के रूप में रोहित का प्रदर्शन ऐसा नहीं था कि उन्हें पद से हटाया जाए। उन्होंने केवल एक आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती बल्कि दो जीतीं हैं। एकदिवसीय विश्व कप में भी वह जीत के बहुत करीब पहुंच गए थे। कप्तान और खिलाड़ी, दोनों के तौर पर उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। उनके नाम 5 आईपीएल ट्रॉफी हैं। इतना सब होने के बाद भी उन्हें अचानक बाहर करना ठीक नहीं है। एकदिवसीय कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड अपने काफी अच्छा रहा है। उनका 75 का जीत प्रतिशत, 10 से ज़्यादा वनडे मैच खेलने वाले किसी भी भारतीय कप्तान में सर्वश्रेष्ठ है। रोहित के नेतृत्व में भारत ने विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बनायी थी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब भी जीता।




# टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 25 वें स्थान पर पहुंचे जडेजा

दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 25 वें स्थान पर पहुंच गये हैं। जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 104 रन की नाबाद पारी खेली थी। अपनी इस पारी के साथ ही जडेजा के कुल 644 अंक हो गए हैं और वह पायदान ऊपर आये हैं। जडेजा की इससे पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 29 थी। बल्लेबाजी के अलावा जडेजा ने गेंदबाजी में भी प्रभावित किया। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरी पारी में 4 विकेट लिए। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 3 विकेट हासिल करने वाले मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में 3 स्थान ऊपर आकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह पहली बार 700 रेटिंग अंकों से ऊपर पहुंचे हैं। इस टेस्ट मैच के साथ ही अपनी रैंकिंग सुधारने वाले अन्य खिलाड़ियों में केएल राहुल और ध्रुव जुरेल भी हैं। राहुल अब बल्लेबाजी रैंकिंग में चार स्थान के लाभ के साथ ही 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपना पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद ध्रुव जुरेल 20 स्थानों की छलांग लगाकर 65वें स्थान पर पहुंच गये हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के खिलाफ कुल चार विकेट लेकर सात स्थान के लाभ के साथ ही 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरे ओर आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श की शीर्ष-10 बल्लेबाजों में वापसी हुई है। मार्श को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में 85 और तीसरे मैच में नाबाद 103 रन बनाने का लाभ मिला। इसके अलावा न्यूजीलैंड के टिम रॉबिन्सन 58 स्थान ऊपर आकर संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रॉबिन्सन ने माउंट माउंगानुई में सीरीज के पहले ही मैच में नाबाद 106 रन बनाए थे।



# रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेलेंगे शमी और आकाशदीप, अभिमन्यु करेंगे कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेलते नजर आयेंगे। शमी चैम्पियंस ट्राफी के बाद से ही टीम में वापसी नहीं कर पाये हैं। शमी के अलावा = मोहम्मद शमी को भारत की टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों टीमों से बाहर रखा गया है। युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप भी इस टीम में शामिल रहेंगे। टीम की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन को दी गयी है। अभिमन्यु का लक्ष्य भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक बार फिर भारतीय टीम में जगह के लिए दावेदारी करना रहेगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) ने इस टीम का कप्तानी उपकप्तान विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल को बनाया है।



टीम की तेज गेंदबाजी की कमान शमी और आकाश दीप के पास रहेगी। वहीं बल्लेबाजी की जिम्मेदारी अभिमन्यु ईश्वरन और अभिषेक पोरेल के साथ-साथ अनुस्तूप मजूमदर, सुदीप चटर्जी और युवा बल्लेबाज सुदीप कुमार के पास रहेगी। राहुल प्रसाद, सौरभ कुमार सिंह और विशाल भाटी भी रणजी में बेहतर प्रदर्शन कर सभी का ध्यान खींचना चाहेंगे। लक्ष्मी रतन शुक्ला को टीम का मुख्य कोच बनाया गया है जबकि अरूप भट्टाचार्य और शिब शंकर पॉल टीम के सहायक कोच होंगे। चरणजीत सिंह मथारू को फील्डिंग कोच की जिम्मेदारी दी गयी है।

बंगाल की टीम अपने रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की शुरुआत 15 अक्टूबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में करेगी। उसका पहला मैच उत्तराखंड से होगा। इसके बाद 25 अक्टूबर को वह गुजरात से खेलेगी। शमी, आकशीप आर अभिमुन्यु का प्रयास रणजी में बेहतर प्रदर्शन कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए अपनी दावेदारी पेश करना रहेगा।

**बंगाल टीम**

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), अभिषेक पोरेल (उप कप्तान/विकेटकीपर), सुदीप कुमार घरामी, अनुस्तुप मजूमदार, सुदीप चटर्जी, सुमंत गुप्ता, सौरभ कुमार सिंह, विशाल भाटी, एमडी शमी, आकाश दीप, सूरज सिंधु जायसवाल, शाकिर हबीब गांधी (विकेटकीपर), ईशान पोरेल, काजी जुनैद सैफी, राहुल प्रसाद, सुमित मोहंता और विकास सिंह।

# लारा ने वेस्टइंडीज टीम को फटकारा, देश के लिए खेलने का जूनुन होता तो अपने आप बेहतर प्रदर्शन करते

जमैका । वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज रहे ब्रायन लारा अपनी टीम के लगातार खराब होते प्रदर्शन को देखकर दुखी हैं। लारा ने इसी को लेकर टीम को जमकर फटकार लगायी है। लारा ने कहा कि पैसे के साथ ही कई समस्यायें हैं पर इसके बाद भी अगर खिलाड़ियों में जुनून और जज्बा होता तो टीम जरुर सफल होती। लारा के अनुसार प्रतिभा पलायन, बुनियादी ढांचे की कमी और वेतन में हो रही समस्या वेस्टइंडीज क्रिकेट की बदतर होती स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में फ्रेंचाइजी-आधारित टी20 प्रतियोगिताओं के कारण भी वेस्टइंडीज के खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेटर की उपेक्षा कर रहे हैं। टी20 में वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की भारी मांग है पर टेस्ट टीम को अच्छे खिलाड़ी नहीं मिल रहे। लारा ने कहा, ''मैं सभी खिलाड़ियों से पूछना चाहूंगा कि वे बताएं कि क्या वे सचमुच वेस्टइंडीज के लिए खेलना चाहते हैं? और यही सबसे अहम बात है, क्योंकि अगर ऐसा है तो आपको कोई न कोई रास्ता मिल ही जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''हमारे पास भी पहले बेहतर सुविधाएं नहीं थीं। विव रिचर्ड्स ने किसी बेहतर अभ्यास पिच पर बल्लेबाजी नहीं की थी। हमें भी वही काम करना पड़ता था, वही मेहनत करनी पड़ती थी पर तब जज्बा अलग था। वेस्टइंडीज के लिए खेलने का जुनून ही सबसे बड़ा अधिक था।'' टेस्ट क्रिकेट रिकॉर्ड 400 रन की पारी खेलने वाले इस पूर्व दिग्गज ने कहा, ''मैं युवा खिलाड़ियों से आग्रह करता हूं कि वे यह समझें कि देश की ओर से खेलने का उन्हें अवसर मिला।'' लारा ने टेस्ट क्रिकेट में भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के अलावा अन्य टीमों के बीच होने वाले मैचों में दर्शकों की घटती रुचि पर भी चिंता जाहिर की। साथ ही कहा कि इन टीमों के मैचों में भारी संख्या में दर्शक आते हैं पर अन्य टीमों के साथ ऐसा नहीं होता है।



# सूर्यकुमार और गंभीर के कारण मुझे वापसी का अवसर मिला : वरुण चक्रवर्ती

**मुंबई (एजेंसी)।** हाल में एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अपनी वापसी का श्रेय कप्तान सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर को दिया है। वरुण को तीन साल के बाद टीम में जगह मिली पर उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर अपने चयन को सही साबित कर दिया। वरुण ने कहा, मैं कोच के बारे में कह सकता हूं कि वह टीम में एक साहसी मानसिकता लेकर आते हैं जहां हार का कोई विकल्प नहीं होता, वह खिलाड़ियों को निडर होकर खेलने को कहते हैं। उनका मानना है कि मैदान पर अपना सौ फीसदी देना होता है। जब वह मौजूद होते हैं, तो आप औसत प्रदर्शन नहीं कर सकते।

वरुण ने साल जुलाई 2021 में भारत के लिए पदार्पण किया था पर 2021 टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन क बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया और अक्टूबर 2024 में उन्हें दोबारा खेलने का अवसर मिला। तब से ही वरुण लगातार टी20 एकादश में शामिल रहे हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में एकदिवसीय डेब्यू के साथ ही टीम को चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, जब मैंने दोबारा वापसी की, तो सूर्या और गंभीर ने मुझसे बात की और उन्होंने मुझे बताया कि हम आपको विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से देखते हैं। और उन्होंने पूरे समय मेरा समर्थन किया। इसके लिए मुझे उन्हें श्रेय देना होगा। मैं तीन साल से ज़्यादा समय तक टीम से बाहर रहा पर इस दौरान आईपीएल में मेरा प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा। उन्होंने मुझे टीम में अवसर दिया यह मेरे लिए बड़ी बात थी।



गंभीर चाहते हैं कि वह एकदिवसीय क्रिकेट में अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए और प्रयास करें। इसका कारण है कि टी20 में आप ज़्यादा से ज़्यादा दो ओवर लगातार गेंदबाजी कर सकते हैं पर एकदिवसीय में आपको लगातार पांच से छह ओवर गेंदबाजी करनी होती है, जिस पर मैंने काम किया और चैंपियंस ट्रॉफी में मैं ऐसा करने में सफल रहा। अब वह चाहते हैं कि मैं घरेलू सर्किट में भी थोड़ा और ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करूं और अपनी बल्लेबाजी बेहतर करूं। वरुण ने स्पिनर कुलदीप यादव की भी जमकर तारीफ की, जो एशिया कप में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। वरुण ने कहा, कुलदीप निश्चित रूप से हमारे मौजूदा खिलाड़ियों में सबसे अनुभवी गेंदबाजों में से एक हैं और उन्होंने कमाल का प्रदर्शन किया है।

# मैं भारत के लिए तीनों प्रारूपों में आईसीसी ट्रॉफियां जीतना चाहता हूं: शुभमन गिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट और एकदिवसीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि वह भारत के लिए तीनों प्रारूपों में आईसीसी ट्रॉफियां जीतना चाहते हैं। गिल ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पूर्वसंध्या पर कहा, 'लगातार तीनों प्रारुपों में खेलने से तो शारीरिक थकान तो एक बात है, लेकिन कई बार जब आप लगातार खेलते हो तो मानसिक थकान हो जाती है। मैं जब खेलता हूं तो स्वयं से मेरी कुछ अपेक्षाएं होती हैं और मेरा कुछ लक्ष्य होता है। यह एक बहुत बड़ी चुनौती है जो कि मुझे पूरा करना होता है। मैं भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहता हूं और सफल होना चाहता हूं। मैं आईसीसी ट्रॉफीज जीतना चाहता हूं। और अगर मुझे ऐसा करना है तो यह एक चुनौती है, जिसे मुझे पूरा करना है।'

टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में इंग्लैंड में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शुभमन गिल ने अब अंतरराष्ट्रीय टी-20 में ना सिर्फ वापसी की, बल्कि उन्हें उपकप्तानी भी मिली। इसके बाद वह घरेलू जमीन पर अपनी कप्तानी में पहला टेस्ट मैच जीत रहे थे तभी उन्हें एकदिवसीय टीम का भी कप्तान बना दिया गया।भारतीय टीम प्रबंधन अब भविष्य की ओर देख रहा है अब रोहित शर्मा टीम में बस एक खिलाड़ी के रूप में रह जाएंगे।

अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के अलावा वर्तमान में चल रहा 2027 का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र और 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाला एकदिवसीय विश्व कप शामिल है। उन्होंने कहा, 'बेशक यह घोषणा अहमदाबाद टेस्ट के दौरान (के बाद) हुई, लेकिन मुझे एकदिवसीय कप्तानी मिलने के बारे में टेस्ट मैच से थोड़ा पहले ही पता चल गया था। यह एक बड़ी जिम्मेदारी और सम्मान है। मैं वनडे में भी अपने देश का कप्तानी करने के लिए उत्साहित हूं। पिछले कुछ महीने मेरे लिए बहुत बेहतरीन रहे हैं और मैं आगे की ओर देख रहा हूं। मैं वर्तमान में रहना चाहता हूं और ज्यादा पीछे नहीं देखना चाहता। मैं बस भविष्य की ओर देख रहा हूं और आने वाले महीनों में जो भी मैच आए, उन्हें जीतना चाहता हूं।'

गिल ने इस बात से इनकार कर दिया कि रोहित और विराट उनके 2027 की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों ने टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, लेकिन एकदिवसीय क्रिकेट अभी भी खेल रहे हैं। गिल ने तो यह भी कहा कि वह रोहित की कप्तानी से बहुत कुछ अपनी कप्तानी में उतार भी रहे हैं। उन्होंने कहा, 'रोहित और कोहली के पास जिस तरह का अनुभव है, जिस तरह से उन्होंने भारत को मैच जिताए हैं, ऐसे बहुत ही कम खिलाड़ी होंगे। उनकी क्षमता, कौशल और अनुभव के खिलाड़ी दुनिया में भी बहुत कम है। ये सब देखते हुए हम निश्चित रूप से उनकी ओर देख रहे हैं।





इसके अलावा रोहित (शर्मा) भाई जिस तरह से शांत रहते हैं और जिस तरह से वह खिलाड़ियों के साथ संबंध बनाते हैं, वह सब उनसे सीखने लायक है।' भारतीय टीम का कैलेंडर आने वाले समय में बहुत व्यस्त है। टेस्ट सीरीज समाप्त होने के तुरंत बाद भारतीय टीम दिल्ली से ही पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) के लिए रवाना हो जाएगी, जहां उन्हें तीन एकदिवसीय और पांच अंतरराष्ट्रीय टी20 खेलने है। इसके बाद भारतीय टीम को तुरंत ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज खेलनी है। गिल की तीनों प्रारूपों में भूमिका का मतलब है कि उन्हें अब लगातार क्रिकेट खेलना है।

# वनडे कप्तान शुभमन गिल ने कर दिया साफ, 2027 वर्ल्ड कप के लिए टीम के प्लान में बने रहेंगे कोहली-रोहित

नई दिल्ली। वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले प्रेस से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि, इन दोनों खिलाड़ियों के कौशल और अपार अनुव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि वह इस महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे से इस फॉर्मेट की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्तूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की सीरीज के साथ अपनी वनडे कप्तानी की शुरुआत करेंगे। ये पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि रोहित और कोहली अगले वनडे वर्ल्ड कप की योजना का हिस्सा हैं तो गिल चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की तरह सतर्क नहीं थे, जिन्होंने हाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मुद्दे पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई थी। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पूर्व संध्या पर उन्हें वनडे टीम का कप्तान भी नियुक्त करने से संबंधित सवालों के जवाब देते हुए कहा कि, बिल्कुल। उनके पास जो अनुभव है और उन्होंने भारत के लिए जितने मैच जीते हैं। ऐसे बहुत कम खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारत के लिए इतने मैच जीते हैं।

# भारतीय फार्मा को राहतः अमेरिका ने जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ की योजना रोकी

## - अमेरिका की 47 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से आयात की जाती हैं

**वाशिंगटन ।**

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने फिलहाल भारतीय जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ लगाने की योजना टाल दी है, जिससे भारतीय दवा कंपनियों और अमेरिकी उपभोक्ताओं दोनों को बड़ी राहत मिली है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली लगभग 47 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से आयात की जाती हैं। टैरिफ लगाने की योजना का उद्देश्य दवा निर्माण को अमेरिका में वापस लाना था, जिसे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) समर्थकों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा। लेकिन ट्रंप की घरेलू नीति परिषद के कुछ सदस्य इसके खिलाफ थे। उनका तर्क था कि इससे न केवल दवाएं महंगी होंगी, बल्कि आपूर्ति संकट भी उत्पन्न हो सकता है।

भारत जैसे देशों में जेनेरिक दवाओं का उत्पादन अमेरिका की तुलना में कहीं सस्ता है, जिससे अमेरिकी उत्पादन प्रतिस्पर्धी नहीं बन पाता।



आईक्यूवीआईए के अनुसार, अमेरिका की फार्मेसियों में बिकने वाली लगभग आधी जेनेरिक दवाएं भारत से आती हैं, जबकि घरेलू अमेरिकी कंपनियों की हिस्सेदारी सिर्फ 30 प्रतिशत है। मेटफॉर्मिन (डायबिटीज), एटोरवास्टेटिन (कोलेस्ट्रॉल), लोसार्टन (ब्लड प्रेशर) और एंटीबायोटिक्स जैसी आम दवाओं की सप्लाई में भारत अग्रणी है। चीन के साथ पिछले टैरिफ युद्धों में हुए नुकसान को देखते हुए ट्रंप प्रशासन नहीं चाहता था कि दवा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भी जनता को कीमतों की मार झेलनी पड़े। ऐसे में, जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ लगाने की योजना को रोकना एक व्यावहारिक फैसला माना जा रहा है।

# 2026 में आएगा 'फिंटरनेट': अब जमीन, प्रॉपर्टी और बॉन्ड होंगे डिजिटल टोकन में

## - फिजिकल एसेट को डिजिटल में बदलने से आम लोगों को भी मिलेगी निवेश की ताकत

नई दिल्ली । देश में आधार और यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति लाने वाले नंदन नीलेकणि अब एक नई तकनीक 'फिंटरनेट' लेकर आ रहे हैं। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में उन्होंने इसका ऐलान किया। यह तकनीक भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) का अगला स्तर होगी, जिसे 2026 में लॉन्च किया जाएगा। फिंटरनेट एक ग्लोबल डिजिटल फाइनेंशियल सिस्टम होगा, जहां जमीन, प्रॉपर्टी, बॉन्ड या अन्य वित्तीय संपत्तियों को डिजिटल टोकन में बदला जा सकेगा। उदाहरण के लिए, यदि आपके पास 1 करोड़ की संपत्ति है, तो इसे 1 लाख टोकनों में बांटा जा सकता है और हर टोकन 10 रुपये में खरीदा-बेचा जा सकता है। यह प्रक्रिया शेयर मार्केट की तरह ही होगी। नीलेकणि ने बताया कि यह प्रोजेक्ट बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के साथ मिलकर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य है कि संपत्ति और पैसे का लेन-देन मोबाइल से टैक्सी बुक करने जितना आसान हो जाए। यह सिस्टम बैंकों के मौजूदा ढांचे में कोई दखल नहीं देगा, बल्कि उनके साथ मिलकर काम करेगा। ब्राजील, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया के सेंट्रल बैंकों ने इसके पहले चरण में भागीदारी की है।

# शेयर बाजार में 7 दिसंबर से नया नियम होगा लागू




## - ब्लॉक डील में न्यूनतम ऑर्डर साइज 10 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ किया

नई दिल्ली । भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर बाजार के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। सेबी ने एक नया नियम बनाया है, जिसके तहत ब्लॉक डील में न्यूनतम ऑर्डर साइज को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 25 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह नया नियम 7 दिसंबर से लागू होगा। सेबी ने बुधवार को एक सर्कुलर जारी करके इसकी जानकारी दी। एक रिपोर्ट के अनुसार सेबी ने यह भी कहा है कि ब्लॉक डील का फ्लोर प्राइस अब पिछले दिन के बंद भाव से तीन प्रतिशत ऊपर या नीचे हो सकता है। पहले यह लिमिट सिर्फ एक प्रतिशत थी। यानी अब ब्लॉक डील में कीमत को लेकर थोड़ी ज्यादा छूट मिलेगी। ब्लॉक डील के लिए दो समय खिड़कियां तय की गई हैं। पहली विंडो सुबह 8:45 बजे से 9:00 बजे तक होगी! इस दौरान फ्लोर प्राइस पिछले दिन का बंद भाव होगा! दूसरी विंडो दोपहर 2:05 बजे से 2:20 बजे तक होगी! इस समय फ्लोर प्राइस दोपहर 1:45 बजे से 2:00 बजे के बीच कैश सेगमेंट में हुई ट्रेडिंग की वॉल्यूम-वेटेड एवरेज प्राइस यानी वीडब्ल्यूएपी पर आधारित होगा. स्टॉक एक्सचेंज दोपहर 2:00 से 2:05 बजे के बीच वीडब्ल्यूएपी की जानकारी शेयर करेंगे।

नए नियम के तहत ब्लॉक डील में ऑर्डर की कीमत फ्लोर प्राइस के 3 प्रतिशत के दायरे में होगी। यह नियम निगरानी और लागू प्राइस बैंड के हिसाब से काम करेगा। हर ब्लॉक डील ऑर्डर की कीमत कम से कम 25 करोड़ रुपये होनी चाहिए! ये ऑर्डर डिलीवरी के लिए होंगे और इन्हें रद्द या बदला नहीं जा सकेगा।

# नवरात्रि अवधि में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में आया उछाल

**नईदिल्ली ।**

हाल ही नवरात्रि अवधि में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में जबर्दस्त उछाल आया है। इस दौरान यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 2,17,744 इकाई हो गई। इसी अवधि में पिछले साल यह 1,61,443 इकाई थी।

यह जानकारी फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) ने दी। फाडा के अनुसार, सितंबर महीने के पहले 21 दिन में बिक्री धीमी रही और 22 सितंबर को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद इसमें तेजी आई। वाहन डीलर के संगठन के अनुसार, इस उच्च बिक्री के कारण सितंबर में यात्री वाहन खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 2,82,945 इकाई से छह प्रतिशत बढ़कर 2,99,369 इकाई हो गई। 22 सितंबर के बाद नई जीएसटी दर लागू होने के बाद कीमतों में कटौती की उम्मीद कर रहे ग्राहकों ने महीने के पहले हिस्से में खरीदारी नहीं की।

फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने बयान में कहा, ''देश के मोटर वाहन खुदरा उद्योग के लिए सितंबर 2025 एक असाधारण रूप से अनूठा महीना था। पहले तीन सप्ताह काफी हद तक शांत रहे क्योंकि ग्राहक जीएसटी 2.0 सुधारों की प्रत्याशा में पीछे हट गए। हालांकि, अंतिम सप्ताह में स्थिति नाटकीय रूप से बदल गई क्योंकि नवरात्रि उत्सव कम जीएसटी दरों के कार्यान्वयन के साथ मेल खाता था जिससे ग्राहक भावना में सुधार हुआ और अधिकतर वाहन श्रेणियों की बिक्री में तेजी आई।

उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप माह का अंत कुल मिलाकर पांच प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ हुआ जिसमें तिपहिया और निर्माण उपकरण को छोड़कर सभी खंडों में सकारात्मक गति देखी गई। फाडा के अनुसार, सितंबर के अंतिम दिन में बनी गति दीपावली तक जारी रहेगी जिससे त्योहार की इस 42 दिन की अवधि के सकारात्मक रुख के साथ खत्म होने की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 12,87,735 इकाई रही जो सितंबर 2024 में 12,08,996 इकाइयों के मुकाबले सात प्रतिशत अधिक है। नवरात्र अवधि में बिक्री 36 प्रतिशत बढ़कर 8,35,364 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6,14,460 इकाई थी। सितंबर 2025 में तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 98,866 इकाई रही, जो सितंबर 2024 की 1,06,534 इकाई की तुलना में सात प्रतिशत कम है।

# भारत के 100 प्रमुख अमीरों की दौलत में गिरावट, अंबानी फिर भी शीर्ष पर कायम

## - डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी और सेंसेक्स में गिरावट से अमीरों की संपत्ति में आई कमी

**वाशिंगटन ।**

फोर्ब्स की ताज़ा 2025 सूची के अनुसार भारत के टॉप 100 अमीरों की कुल संपत्ति में 9 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जो अब घटकर एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर रह गई है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 100 अरब डॉलर की कमी है। इस गिरावट के पीछे रुपये की गिरती कीमत और सेंसेक्स में 3 फीसदी की गिरावट को मुख्य कारण बताया गया है। हालांकि, मुकेश अंबानी ने लगातार 16वें साल भारत के सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। रिलायंस के चेयरमैन की संपत्ति 14.5 अरब डॉलर घटकर अब 105 अरब डॉलर रह गई है, लेकिन वे अब भी सेंटिबिलियनेय (100 अरब डॉलर से अधिक संपत्ति वाले) बने हुए हैं। उन्होंने हाल ही में` रिलायंस इंटेलीजेंस नाम से एक नया आई डिवीजन शुरू किया है और` जियो को 2026 में लिस्ट करने की योजना बनाई है। दूसरे स्थान पर गौतम अडानी और उनका परिवार 92 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ हैं। 2023 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट से हुए झटके के बाद, 2025 में सेबी ने अडानी ग्रुप को क्लीन चिट दी, जिससे उनकी संपत्ति में फिर से सुधार हुआ। तीसरे स्थान पर सावित्री जिंदल हैं, जिनकी संपत्ति 3.5 अरब डॉलर घटकर 40.2 अरब डॉलर रह गई है। वहीं इस साल के सबसे बड़े लाभकर्ता रहे सुनील मित्तल, जिनकी संपत्ति 3.5 अरब डॉलर बढ़कर 34.2 अरब डॉलर हो गई है। वे तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे पायदान पर पहुंचे हैं, यह वही स्थान है, जो उन्होंने 2008 में हासिल किया था। टॉप 10 की सूची में शिव नादर, राधाकिशन दमानी, दिलीप संघवी, बजाज परिवार, सायरस पूनावाला और कुमार बिड़ला जैसे जाने-माने उद्योगपति शामिल हैं।

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ ही 88.80 पर बंद हुआ। रुपया सुबह शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार करते हुए तीन पैसे टूटकर 88.78 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुझानों से निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दिया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.76 प्रति डॉलर पर खुला। फिर टूटकर 88.78 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 88.75 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.72 पर आ गया।






# बॉम्बे हाईकोर्ट ने टैक्सी सेवा को 'जियो' नाम के इस्तेमाल से रोका

## - रिलायंस की याचिका पर अदालत ने 'जियोकैब्स' डोमेन और नाम के उपयोग पर लगाई अंतरिम रोक

**मुंबई ।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली कंपनी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के स्वामित्व वाले प्रसिद्ध जियो ट्रेडमार्क का उपयोग करने से रोक दिया है। अदालत ने कहा कि जियो एक प्रसिद्ध और पंजीकृत ब्रांड है, जिसका दुरुपयोग कंपनी की साख को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेशन की पीठ ने रिलायंस की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में कहा गया था कि प्रतिवादी कंपनी 'जियोकैब्स' नाम और डोमेन के जरिए टैक्सी सेवाएं दे रही है, जो आरआईएल के ट्रेडमार्क का उल्लंघन है। रिलायंस ने इसे पासिंग ऑफ का मामला बताया, जिसमें कोई कंपनी किसी प्रसिद्ध ब्रांड की पहचान का अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करती है। अदालत ने माना कि रिलायंस का दावा प्रथम दृष्टया मजबूत है और जियो नाम की लोकप्रियता को देखते हुए उसका बिना अनुमति उपयोग ब्रांड की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है। अदालत ने यह भी उल्लेख किया` कि आरआईएल के कानूनी नोटिस के बावजूद संबंधित डोमेन अब भी सक्रिय है, जो ट्रेडमार्क उल्लंघन की पुष्टि करता है। इसलिए अदालत ने अंतरिम आदेश जारी कर प्रतिवादी को 'जियो' नाम, लोगो, डोमेन और उससे मिलती-जुलती किसी भी पहचान का उपयोग करने से रोक दिया है।

# फरीदाबाद में नियोलिव की बड़ी टाउनशिप योजना

## - 2,300 करोड़ के राजस्व की उम्मीद

**नयी दिल्ली ।** यल एस्टेट कंपनी नियोलिव ने हरियाणा के फरीदाबाद के सेक्टर 98 और 99ए में 62 एकड़ जमीन पर एक भव्य आवासीय टाउनशिप विकसित करने की घोषणा की है। इस परियोजना से कंपनी को लगभग 2,300 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की संभावना है। कंपनी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए एक प्रबंधन समझौता किया गया है, हालांकि भूस्वामी का नाम उजागर नहीं किया गया है। परियोजना में मुख्य रूप से आवासीय प्लॉट और विला विकसित किए जाएंगे। नियोलिव के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इसे एनसीआर में अब तक की सबसे बड़ी परियोजना बताया और इसे कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया। हालांकि, प्लॉटों की संख्या, निवेश राशि और समयसीमा की जानकारी अभी साझा नहीं की गई है।

# रूसी तेल व्यापार में बदलाव- भारतीय रिफाइनरियों से अब युआन में भुगतान की मांग

## - भारत-चीन रिश्तों में सुधार का प्रभाव



मुंबई । रूसी तेल विक्रेता अब भारतीय रिफाइनरियों से अमेरिकी डॉलर या यूएई दिरहम के बजाय चीनी युआन में भुगतान मांग रहे हैं। पहले अधिकतर लेन-देन डॉलर या दिरहम में होता था, लेकिन हाल ही में इसमें बदलाव देखने को मिला है। सूत्रों के अनुसार यह कदम भारत और चीन के संबंधों में आई हालिया नरमी का परिणाम है, जिससे युआन में भुगतान की राह आसान हुई है। भारत की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने रूस से आए दो से तीन तेल शिपमेंट्स का भुगतान युआन में किया है। यह पहली बार नहीं है जब युआन में भुगतान की कोशिश हुई हो। वहीं निजी रिफाइनरियों ने तब भी युआन में सौदे जारी रखे थे। व्यापारियों का कहना है कि पहले उन्हें डॉलर या दिरहम को युआन में बदलकर भुगतान करना पड़ता था, जिससे प्रक्रिया जटिल होती थी। अब सीधे युआन में भुगतान संभव हो गया है, जिससे व्यापार सरल हो गया है। हालांकि, रूस द्वारा तेल की कीमत अब भी डॉलर में तय की जाती है ताकि वह यूरोपीय संघ द्वारा तय प्राइस कैप का पालन कर सके। विश्लेषकों के अनुसार यह कदम वैश्विक तेल व्यापार में डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती दे सकता है और चीन के युआन को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा संकेत माना जा रहा है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 398, निफ्टी 135 अंक उछला

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही धातु और आईटी शेयरों में जबरदस्त खरीददारी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 398.44 अंक ऊपर आकर 82,172.10 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 135.65 अंक बढ़कर 25,181.80 पर बंद हुआ। था। आज कारोबार के दौरान निफ्टी मेटल 2.17 फीसदी और निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.12 फीसदी उछलकर बंद हुआ। निफ्टी फार्मा 1.05 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.74 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.45 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 0.61 फीसदी और निफ्टी इन्फ्रा 0.67 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी उछाल रहा ।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 563.10 अंक बढ़कर 58,429.85 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 109.65 अंक उछलकर 0.61 18,000.25 पर बंद हुआ।




सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, सन फार्मा, टीसीएस, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट और इन्फोसिस के शेयरों को लाभ हुआ जबकि एक्सिस बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों को नुकसान हुआ।

इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 00 से ज्यादा अंक चढ़कर 81,900 पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी बढ़त लेकर 25,074.30 पर खुला। एशियाई बाजारों में आज हल्की बढ़त देखी गई। मेनलैंड चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.53 फीसदी चढ़ा, जबकि हांगकांग का हैंग सैंग 0.12 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। जापान का निक्केई 1.34 फीसदी उछल गया। इस बीच, दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के चलते बंद रहे।

# आंध्र प्रदेश में बीपीसीएल लगाएगी रिफाइनरी; 6000 एकड़ भूमि आवंटित

## - रामय्यापट्टनम में बनेगा ग्रीनफील्ड रिफाइनरी-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स

**अमरावती ।**

आंध्र प्रदेश सरकार ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसलएल) को नेल्लोर जिले के रामय्यापट्टनम बंदरगाह के पास 6000 एकड़ भूमि ग्रीनफील्ड रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल परिसर स्थापित करने के लिए आवंटित की है। यह परियोजना लगभग 96,862 करोड़ के निवेश से विकसित होगी। सरकार ने बीपीसीएल को इस अल्ट्रा-मेगा परियोजना के लिए विशेष प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया है। इसमें 20 वर्षों की अवधि में पूंजीगत व्यय के 75 फीसदी तक वित्तीय प्रोत्साहन दिए जाएंगे। बीपीसीएल चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 4,843 करोड़ और अगले वर्ष 9,686 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। 2029-30 तक कुल निवेश 96,862 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। राज्य सरकार बीपीसीएल को 43.5 फीसदी पूंजी सब्सिडी, 100 फीसदी एसजीएसटी रिफंड, आईजीएसटी/सीजीएसटी में राज्य हिस्से की वापसी, साथ ही स्टांप और पंजीकरण शुल्क में 100 फीसदी छूट देगी। यह परियोजना राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने के साथ-साथ हजारों रोजगार के अवसर भी देगी।

# 1 साल में 55 फ़ीसदी बढे सोने के दाम

## साल के अंत तक 2 लाख पार हो सकता है,सोना ?, भारत में 60 फ़ीसदी रिटर्न

**मुंबई ।**

भारत में सोने और चांदी के दाम बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं।बुधवार को सोने की कीमतें 1।22 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई हैं। चांदी की कीमत भी 1.5 लाख रुपए प्रति किलो के ऊपर चली गई है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का मानना है, सोने की कीमतें लगातार बढ़ती रहेगी।सोने में रिकॉर्ड तोड़ निवेश हो रहा है। दुनिया भर में सोने की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हुई है। जिसके कारण सोने की कीमतें लगातार बढ़ती चली जा रही हैं। सितंबर माह में दुनिया भर में गोल्ड ईटीएफ में 1.3 लाख करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ है। एक महीने का अभी तक यह सबसे बड़ा निवेश है। भारत में 24 कैरेट सोने की औसत कीमत 1858 रुपए बढ़कर 1,21,799 रुपए पर प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है।

चांदी के औसत भाव में लगातार बढ़त बनी हुई है। 1,50,783 रुपए प्रति किलो पर चांदी बिक रही है। सोने के कारोबारियों का कहना है, दीपावली तक सोने के दाम प्रति 10 ग्राम 1.28 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं।

दीपावली के दौरान सोने के भाव अक्टूबर 2016 को सोने का भाव 30057 रुपए था। 2017 में 29679, 2018 में 31589, 2019 में 38293, 2020 में 50986, 2021 में 47553, 2022 में 50580, 2023 में 59752, 2024 में 78430 तथा 20 अक्टूबर 2025 को 1,21,799 रुपए पर प्रति 10 ग्राम सोने का भाव हो गया। पिछले एक साल में 55 फ़ीसदी सोने के दाम बढे हैं। अगली दीपावली तक सोने के भाव 23 फीसदी तक बढ़ने की संभावना आर्थिक विशेषज्ञ जाता रहे हैं।

**क्यों बढ़ रहे हैं सोने के दाम?**

चीन का फेडरल बैंक सबसे ज्यादा सोना खरीद रहा है। अभी तक अमेरिका के पास सबसे ज्यादा सोना है। अंतर्राष्ट्रीय कारोबार में डॉलर मुद्रा का उपयोग होता है। दुनिया के सभी देशों के फेडरल बैंक सोना खरीद रहे हैं। अमेरिका की करेंसी, डॉलरसे दुनिया के देशों का विश्वास कम होता जा रहा है। जिस तरह की आर्थिक मंदी देखने को मिल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से टैरिफ लगाने की धमकी और तरह-तरह के प्रतिबंध लगाकर अंतर्राष्ट्रीय कारोबार को प्रभावित किया है।

उसको लेकर सारी दुनिया के देश डॉलर और अमेरिका से छुटकारा पाने में लग गए हैं।

# हरियाणा में डाइकिन बनाएगी 1000 करोड़ का आरएंडडी सेंटर

## - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान दौरे के दौरान ओसाका में हुआ समझौता

**चंडीगढ़ ।**

ओसाका (जापान) में हरियाणा सरकार और जापान की प्रसिद्ध कंपनी डाइकिन इंडस्ट्रीज मिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत डाइकिन हरियाणा में 1000 करोड़ के निवेश से एक अत्याधुनिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) सेंटर स्थापित करेगी। इस परियोजना से राज्य में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान दौरे पर है। इसी दौरान ओसाका स्थित डाइकिन के मुख्यालय में यह समझौता हुआ। हरियाणा सरकार की ओर से उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल और डाइकिन की ओर से उप प्रबंध निदेशक शोगो एंडो ने हस्ताक्षर किए। इस आरएंडडी सेंटर में ऊर्जा कुशल और पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों पर शोध होगा। डाइकिन के अधिकारियों के अनुसार यह केंद्र कंपनी के प्रमुख अनुसंधान केंद्रों में से एक होगा। इससे हरियाणा और जापान के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे।





# रश्मिका मंदाना की राह पर कृति शेट्टी




कृति शेट्टी साउथ इंडिया सिनेमा में बहुत कम समय में तेज़ी से एक नया नाम बनकर उभर रही हैं, जिस पर ध्यान देना ज़रूरी है। अपनी बेहतरीन स्क्रीन प्रेज़ेंस, स्वाभाविक आकर्षण और उप्पेना, श्याम सिंघा रॉय, बंगाराजु और द वॉरियर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपने बहुमुखी अभिनय के साथ, उन्होंने दर्शकों और फिल्म निर्माताओं, दोनों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। जिस तरह एक समय में रश्मिका मंदाना ने पूरे देश में लोकप्रियता हासिल की थी, उसी तरह कृति भी अपनी शानदार अभिनय क्षमता और सादगी भरी मौजूदगी से उसी दिशा में आगे बढ़ती दिख रही हैं। जो उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे होनहार चेहरों में से एक बनाता है। काफी कम समय में, कृति ने प्रभावशाली भूमिकाओं का एक ऐसा संग्रह तैयार किया है। जिन किरदारों को कृति ने निभाया है, वे दिखाते हैं कि वह अलग-अलग जॉनर में — चाहे रोमांस हो या गंभीर ड्रामा — उनमें खुद को ढालने में पूरी तरह सक्षम हैं। उनके अभिनय में भावनात्मक जुड़ाव और कैमरे के सामने सहजता, उन्हें अपने समकालीन कलाकारों की तुलना में अलग पहचान दिलाती हैं। अपनी उम्र से कहीं ज़्यादा आत्मविश्वास और परिपक्वता दिखाने वाली कृति की यही खूबियाँ उन्हें उस इंडस्ट्री में अलग बनाती हैं जो हमेशा नई टैलेंट की तलाश में रहती है। कृति शेट्टी की पहचान सिर्फ एक मौजूदा लोकप्रिय कलाकार के रूप में नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद और टिकाऊ स्टार के रूप में बन रही है। वे अपने करियर में ऐसे किरदार और कहानियाँ चुन रही हैं जो न केवल उन्हें अभिनय का पूरा अवसर देते हैं, बल्कि व्यापक दर्शकों से जुड़ने का मौका भी। यह युवा अभिनेत्री, तेजी से बढ़ता फैन-बेस और कई भाषाओं की फिल्मों में उनकी मौजूदगी यह संकेत देती है कि कृति आने वाले समय में पैन इंडिया सुपरस्टार की श्रेणी में शामिल होने की राह पर हैं, और तेज़ी से दक्षिण सिनेमा की अगली बड़ी हस्ती बनती जा रही हैं।

# रुक्मिणी वसंत ने कांतारा - चैप्टर 1 को बताया ज़िंदगी बदल देने वाला अनुभव

आज जब कांतारा – चैप्टर 1 दुनियाभर में रिलीज़ हुई है, तब एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत ने अपने दिल की बात शेयर की। एक इमोशनल नोट में उन्होंने बताया कि कैसे ये सफर उन्हें एक कलाकार और इंसान दोनों रूपों में नया बना गया। उन्होंने लिखा –एक साल पहले मुझे 'कांतारा – चैप्टर 1' का हिस्सा बनने का मौका मिला। इस फिल्म ने मुझे चुनौती दी, मुझे सिखाया, मेरे हुनर को निखारा और ज़िंदगी को एक नया नज़रिया दिया। ये फिल्म सच में प्यार और जुनून से बनी है – सैकड़ों लोगों की मेहनत से, जिन्होंने दिन-रात एक कर दिया। इस जादुई फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बेहद आभारी हूं। रुक्मिणी ने फिल्म के कप्तान ऋषभ शेट्टी को दिल से शुक्रिया कहा- ऋषभ सर इस प्रोजेक्ट की रीढ़ हैं। सर, आपका जुनून, मेहनत और विज़न मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा रहा। मुझ पर भरोसा करने और इस सफर में मेरा साथ देने के लिए दिल से धन्यवाद।

उन्होंने होम्बले फिल्म्स की पूरी टीम – विजय किरागंदूर, चालुवे गौड़ा, आदर्श और उन सभी अनसुने हीरोज़ का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर इस अनुभव को जीवंत बनाया। और सफर अभी शुरू ही हुआ है। कांतारा – चैप्टर 1 के बाद रुक्मिणी अब दो बड़े प्रोजेक्ट्स में नज़र आएंगी – रॉकिंग स्टार यश के साथ टॉक्सिक और प्रशांत नील की एनटीआर जूनियर वाली मेगा फिल्म में।

# 'परफेक्ट कपल 2' में नजर आएंगे ईशान खट्टर



ईशान खट्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में सीरीज 'परफेक्ट कपल' की अपनी एक को-एक्ट्रेस के साथ फोटो शेयर किया। इस फोटो के शेयर करते हुए, उस पर कैप्शन लिखा, 'सीजन टू?' आगे लिखा, 'परफेक्ट कपल मिल गया।' शो के मेकर्स को भी ईशान खट्टर ने यह पोस्ट टैग की है। ईशान खट्टर अपनी पोस्ट के जरिए मेकर्स को हिंट दे रहे हैं कि सीरीज 'परफेक्ट कपल 2' करना चाहते हैं। यही ख्वाहिश उनकी को-एक्ट्रेस की भी है। बताते चलें कि अमेरिकन सीरीज 'परफेक्ट कपल(2024)' में ईशान का रोल ज्यादा बड़ा नहीं था, फिर भी वह दर्शकों को याद रह गए। इस मर्डर मिस्ट्री सीरीज को सुजैन बियर ने निर्देशित किया था। निकोल किडमैन जैसी हॉलीवुड की नामी एक्ट्रेस के साथ ईशान को एक्टिंग करने का मौका सीरीज 'परफेक्ट कपल' में मिला। ईशान सीरीज में एक शूटर के रोल में थे।

### इन सीरीज में भी दिखे ईशान खट्टर

सिर्फ 'परफेक्ट कपल' सीरीज में ही ईशान खट्टर ने अभिनय नहीं किया है, उन्होंने मीरा नायर निर्देशित वेब सीरीज 'सूटेबल ब्वॉय' में भी काम किया है। इसके अलावा वह भूमि पेडनेकर के साथ सीरीज 'द रॉयल्स' में नजर आ चुके हैं।

# शशांक खैतान ने दिया दुल्हनिया 3 पर अपडेट


**बॉलीवुड में नई पीढ़ी की सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक आलिया भट्ट और वरुण धवन की जोड़ी फिर से पर्दे पर वापसी करेगी या नहीं, इस सवाल का जवाब हर फैन पिछले कई वर्षों से तलाश रहा है। हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया जैसी हिट फिल्मों के बाद दर्शक लंबे समय से इस सीरीज के तीसरे पार्ट 'दुल्हनिया 3' का इंतजार कर रहे हैं। अब इस पर निर्देशक शशांक खैतान ने बड़ा अपडेट दिया है।**

हाल ही में बॉलीवुड बबल को दिए एक इंटरव्यू में शशांक खैतान ने कहा, हम सब चाहते हैं कि 'दुल्हनिया 3' बने। चाहे मैं हूं, आलिया हो या वरुण- सभी इस फ्रेंचाइज से जुड़े हैं। लेकिन अभी तक हमें वो सही कहानी नहीं मिली है, जो हमें और दर्शकों को संतुष्ट कर सके। उन्होंने साफ किया कि टीम लगातार आइडिया पर बातचीत कर रही है लेकिन अब तक कोई ठोस प्लान तैयार नहीं हुआ है। शशांक ने यह भी कहा कि दुल्हनिया सीरीज को मिली जबरदस्त मोहब्बत को देखते हुए वे जल्दबाजी में फिल्म बनाकर दर्शकों को निराश नहीं करना चाहते।

### सिर्फ फिल्म नहीं, बल्कि कहानी मायने रखती है

निर्देशक के मुताबिक, किसी भी सफल फ्रेंचाइज का अगला पार्ट तभी बनाया जाना चाहिए जब उसके पास बताने के लिए एक मज़बूत और मजेदार कहानी हो। उनका कहना है कि दुल्हनिया 3 तभी आएगी जब टीम को लगेगा कि यह कहानी पिछले दोनों पार्ट्स से भी ज्यादा असरदार और मनोरंजक है।





# मेरा ध्यान सिर्फ़ किरदार और डायरेक्टर की सोच पर होता है

फिल्म जन्नत 2 से धमाकेदार डेब्यू करने के बाद अब ईशा गुप्ता को बॉलीवुड में 13 साल पूरे हो चुके हैं। इन सालों में ईशा ने खुद को एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में बातचीत में ईशा ने अपने इस सफर को एक ऐसे रोलरकोस्टर की तरह बताया, जिसमें बहुत सारा सीखना, बढ़ना और नए अनुभव शामिल रहे। अपने काम के प्रति बदले नज़रिए पर ईशा कहती हैं, वक़्त के साथ चीज़ें बदल गई हैं और मेरा नज़रिया भी। पहले मैं स्क्रिप्ट के बारे में सोचती थी, लेकिन अब मेरा ध्यान सिर्फ़ किरदार और डायरेक्टर की सोच पर होता है। एक साधारण कहानी भी सही फ़िल्ममेकर के हाथों में मास्टरपीस बन सकती है। अगर मेरा रोल सिर्फ दो मिनट का हो, तब भी मैं उसे पूरी मेहनत से करती हूं, क्योंकि राइटर ने वो किरदार मेरे लिए लिखा है। गौरतलब है कि फिल्मों में अपने किरदारों के अलावा ईशा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को लेकर भी काफी जागरूक हैं। बिना किसी लाग-लपेट के वह कहती हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि आज भी हमारे देश में मेंटल थेरेपी को गलत नज़र से देखा जाता है, जबकि हकीकत यह है कि एक स्वस्थ दिमाग ही थेरेपी का चुनाव करता है। हममें से ज़्यादातर लोग थेरेपी के लिए इसलिए जाते हैं, क्योंकि हम जानते हैं कि ये हमारी बेहतरी के लिए है, जबकि जिन्हें इसकी ज़रूरत है, वे कभी जाते ही नहीं। सच खून, तो मुझे आगे बढ़ने में मेरी थेरेपी ने बहुत मदद की है। मैं हमेशा कहती हूं कि अगर आपके पास पैसा है, तो उसे अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर खर्च करो और उसे स्वस्थ रखो, क्योंकि इनके बिना बाकी सब बेकार है। जहां तक ईशा के अगले प्रोजेक्ट की बात है, ईशा जल्द ही धमाल 4 में अजय देवगन के साथ नज़र आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो ईद 2026 पर बड़े स्तर पर रिलीज़ होगी। इसमें दो राय नहीं है कि जन्नत 2 से लेकर अब तक ईशा ने बतौर अभिनेत्री खुद को बार-बार तराशते हुए एक कलाकार बनने का सफर तय किया है और उनका यह सफर सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि पर्दे के बाहर भी जुनून, लगन और आत्मविकास की प्रेरणादायक कहानी है।

# मैं हमेशा सोच-समझकर ही रोल्स चुनता हूं



**अभिनेता विशाल जेठवा ने हाल ही में फिल्म होमबाउंड में मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म और उनके अभिनय को क्रिटिक्स ने खूब सराहा। अभिनेता से उनके अब तक के सफर पर खास बातचीत की...**

### 'होमबाउंड' के लिए ऑडिशन का सफर आपके लिए कैसा रहा?

पहले मैंने शोएब के रोल के लिए ऑडिशन दिया था, पर उसमें मेरा चयन नहीं हुआ। बाद में चंदन का किरदार मिला और तीन राउंड ऑडिशन देने के बाद, मेरी मेहनत रंग लाई। धर्मा के ऑफिस में मेरी और ईशान खट्टर की केमिस्ट्री देखकर तय हुआ कि मैं चंदन के लिए सही पसंद हूं।

### होमबाउंड देखने के बाद आपको सबसे बड़ा संदेश क्या मिला?

इस फिल्म को देखकर मुझे लगा कि यह सिर्फ कहानी नहीं है, बल्कि समाज की असलियत दिखाती है। यह हमें बताती है कि हमारे आस-पास भेदभाव, छोटे-छोटे झुकाव और दूसरों को कम आंकने जैसी चीजें रोज होती रहती हैं, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। फिल्म ने मुझे यह सोचने पर मजबूर किया कि किसी भी बात को सिर्फ अपनी नजर से सही या गलत नहीं ठहराया जा सकता। बदलाव तभी आता है, जब हम दूसरों की सोच समझें और उनके साथ खुलकर बात करें। यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं करती, बल्कि सोचने और संवाद करने की प्रेरणा देती है।

### शुरुआत में बॉलीवुड में फिट न होने का एहसास कैसा था?

शुरुआत में मुझे लगता था कि मैं बॉलीवुड में फिट नहीं हूं। बाकी लोग आसानी से सब संभाल लेते हैं। उनकी भाषा, अंदाज और कॉन्फिडेंस और मैं उनके सामने खुद को सही तरीके से दिखा नहीं पा रहा था। मैं उनके हिसाब से खुद को कम समझता था और कभी-कभी मिसफिट सा महसूस करता था। लेकिन धीरे-धीरे मुझे एहसास हुआ कि मैं अलग नहीं हूं। मैंने खुद को जैसे हूं, वैसे स्वीकार कर लिया। जब मैंने खुद को एक्सेप्ट किया, तो दोस्तों और सोशल मीडिया से भी सपोर्ट मिला। मुझे समझ आया कि अपनी पहचान को अपनाना ही सबसे बड़ी जीत है। अब मैं अपने आप पर गर्व महसूस करता हूं। मैं खुश हूं कि मैंने अपने तरीके से खुद को अपनाया।

### कोई ऐसा सीन जो आपकी असली जिंदगी से जुड़ता हो?

शूटिंग के दौरान कई बार मुझे अपने किरदार से जुड़ने का मौका मिला और कुछ सीन मेरे असली अनुभवों को दर्शाते थे। मैंने अपनी पहचान को स्वीकार करना सीखा, लेकिन शुरुआत में मुझे एहसास नहीं था कि यह प्रक्रिया मेरे लिए कितनी चुनौतीपूर्ण होगी। मेरे किरदार के कुछ पहलू ऐसे थे, जिन्हें मैं पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर पा रहा था। बिल्कुल वैसे ही जैसे असली जिंदगी में कभी-कभी हम खुद को पूरी तरह स्वीकार नहीं कर पाते।

### बड़े ऑफर्स के बावजूद आप कोई किरदार कैसे चुनते हैं?

सच कहूं तो, मुझे फिल्मों में ऑफर्स आते रहे, लेकिन मैं हमेशा सोच-समझकर ही रोल्स चुनता हूं। कई फिल्म्स गंभीर और इंटेंस सब्जेक्ट्स पर होती हैं, तो शायद उन्हें लगता था कि मैं सेफ चॉइस हूं। लेकिन मैं चाहता था कि अपने काम में एक्सपेरिमेंट करूं। इस फिल्म में भी शुरुआत में डर था, क्योंकि रोल डिमांडिंग था, लेकिन सलाम वेंकी में मैंने अलग अवतार में काम करके लोगों को अपनी काबिलियत दिखाई थी। इस प्रोसेस ने मुझे यह सिखाया कि एक एक्टर को सिर्फ टाइपकास्ट नहीं होना चाहिए। मीडियम चाहे टीवी हो या फिल्म, हमें हमेशा एक्टिंग के नजरिए से देखा जाना चाहिए।

### ईशान और जान्हवी के साथ काम का सबसे यादगार पल कौन सा रहा?

ईशान और जान्हवी के साथ काम करना बहुत शानदार अनुभव रहा। उनकी परवरिश और जीवन मेरे से काफी अलग हैं, लेकिन उन्होंने मेरे नजरिए का पूरा सम्मान किया। इससे मुझे यह समझ में आया कि किसी की अलग जर्नी होने का मतलब यह नहीं कि काम हमेशा मुश्किल या दबाव भरा है। हम सहज होकर काम कर पाए और एक-दूसरे को सपोर्ट करते रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in